e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 40

# प्रभात मंत्र

शनिवार

10.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

यदि आप दूसरों का सम्मान करेंगे, तो आपको भी सम्मान मिलेगा।

## पलामू जिलान्तर्गत
# पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना
## का शिलान्यास

**₹456.6** करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

### योजना की संक्षिप्त विवरणी

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल

**कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा**

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटाँड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

**पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित**

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, विश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर



दिनांक : **10 फरवरी, 2024** | समय : **11.30 बजे पूर्वाह्न**
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-318531 (IPRD) 23-24

## मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# सीएम चम्पाई सोरेन आज पहुंचेंगे पलामू, पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की.उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिये.उन्होंने कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निदेश दिया.उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता समेत अन्य जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सीएम चम्पाई सोरेन आज पहुंचेंगे पलामू, पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास सीएम 456.6261 करोड़ रुपए की सिंचाई योजना करेंगे शिलान्यास, विभिन्न प्रखण्डो के 96 गांव होंगे लाभान्वित**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शनिवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर पलामू आएंगे।वे यहां शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 456.6261 करोड़ रुपए की पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। पलामू जिला में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों/जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के निमित्त पलामू पाइपलाइन सिचाई योजना की रूपरेखा तैयार की गई है।इस योजना के अंतर्गत पैकेज वन के तहत उत्तरी कोयल से रानीताल डैम,टेमराईन डैम,बुटनडूबा डैम और पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा।वहीं औरंगा नदी से मलय डैम,पोस्तिया नाला डैम, पनघटवा डैम,कचहडवाटांड डैम, कुण्डलवा डैम,वाहेरवधवा नाला डैम में पानी भरा जाएगा।पैकेज टू के तहत सोन नदी से बतरे डैम,धनकई डैम,ताली डैम,सूखनदिया डैम, करमाकलन डैम और पाइपलाइन के मार्ग पड़ने वाले अन्य छोटे- बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा। पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखंड के कुल 96 गांव लाभान्वित होंगे।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला भव्य कलश शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई.शोभा यात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से हुई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए रेहला कोयल नदी पहुंचा। जांच वैदिक मंत्रों चरणों के बीच कलश में जल भरा गया.शोभा यात्रा मे शामिल श्रद्धालु कलश शर पर लेकर नंगे पांव वापस मंदिर प्रांगण पहुंचें। जहां विधि विधान और राम नाम के जयघोष के बीच कलश की स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ शुरू हो गया। जो रविवार को महाभंडारे के साथ संपन्न होगा। शोभा यात्रा मे रथ पर सजा रामदरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा हनुमान जी बने बाल कलाकारों ने भी लोगों को प्रभावित किया। कलश शोभा यात्रा मे वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, प्रो.नंदलाल शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मिथलेश चौबे, प्रभात रंजन दुबे, विकी शुक्ला, चंचल शुक्ला, नीरज शुक्ला, विगण शुक्ला, श्रवण दुबे, उदय कांत दुबे, ओम प्रकाश शुक्ला, रामदास शुक्ला, अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, गंगेश्वर शुक्ला, दीपक तिवारी, अवनीश दुबे, शुभम शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सभी जरूरतमंदों को मिलेगा अबुआ आवास : मिथिलेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का गढ़वा में शनिवार को पहली बार आगमन होगा। मुख्यमंत्री श्री सोरेन गढ़वा से ही अबुआ आवास योजना की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री यहां पलामू प्रमंडल के 28903 अबुआ आवास योजना के लाभुकों का प्रथम किस्त की राशि जारी करेंगे। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का मां गढ़देवी की धरती पर गढ़वा में पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। झामुमो के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को बेहतर एवं भव्य बनाने में लगे हुए हैं। यहां सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करेंगे। विधायक श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड के सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन का सपना था कि सभी गरीबों के सर पर अपना छत हो। इस सपने को साकार करने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन गढ़वा आ रहे हैं। आगामी तीन वर्षों में सभी गरीबों के सर पर छत का सपना पूरा हो जाएगा। गढ़वा आगमन के दौरान मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र देंगे। साथ ही प्रथम किस्त की राशि भी जारी करेंगे। यहां आयोजित पलामू प्रमंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में पलामू जिला के 13600, गढ़वा जिला के 10003 तथा लातेहार जिला के 5300 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि सभी जरूरतमंदों को निश्चित रूप से अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा। कोई भी योग्य लाभुक वंचित नहीं रहेगा। इस कार्य का निष्पादन बिल्कुल पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से किया जा रहा है। इसके लिए किसी भी जरूरतमंद लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। अबुआ आवास की क्रमवार प्राथमिकता सूची बना ली गई है। अगले वित्तीय सत्र में मार्च के बाद पुनः अन्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना साकार करने के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से संकल्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भेदभाव पूर्ण नीति के कारण झारखंड सरकार ने अपने राज्य में सभी जरूरतमंद गरीबों को राज्य सरकार की ओर से आवास देने का संकल्प लिया है। इसे आगामी तीन वर्षों के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा होगी ऐतिहासिक : रामेश्वर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर, पलामू :** विश्रामपुर व नावाबाजार क्षेत्र में 14 फरवरी को आयोजित राहुल गांधी की न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा। छत्तिसगढ़ के गोदरमाना के रास्ते रंका, गढ़वा होते विश्रामपुर के बीमोड पर पहुंचेंगे। जहां देश व राज्य की वर्तमान स्थिति पर लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम समापन के बाद विश्रामपुर इटको मुख्य पथ से नावाबाजार जाना है.जहां रात्रि विश्राम होगा। उक्त बातें पूर्व वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव ने कहा। वे शुक्रवार को राहुल गांधी की 14 फरवरी को आयोजित न्याय यात्रा की तैयारी को ले समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नावाबाजार में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के किसानों के साथ वार्ता होगा। साथ हीं राहुल गांधी किसानों की समस्याओं को जानेंगे। इस कार्य के लिए लक्ष्य बनाकर कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता व कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। बताया का तैयारी को अंतिम रुप दिया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम को ले प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, हर्षवर्धन चौबे आदि से विस्तृत जानकारी लेते हुए सफलता को ले दिशा निर्देश दिया। पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव के साथ वरीय कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी, रुद्र शुक्ला, पंकज कुमार, गढ़वा जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला, राकेश चौबे, आलोक चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## ओबीसी महासम्मेलन होगा ऐतिहासिक : ब्रह्मदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर, पलामू :** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के तत्वावधान में 11 फरवरी को डालटनगंज के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में आयोजित प्रमंडलीय ओबीसी महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। संयोजक मंडल के ब्रह्मदेव प्रसाद ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों को इस सिलसिले में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के माध्यम से पिछड़ों की आवाज पूरे देश में फैलायी जाएगी। पिछड़ों के हक अधिकार की लड़ाई का आगाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण और जनगणना के साथ-साथ आबादी के हिसाब से नौकरी में आरक्षण पिछड़ों को देना ही होगा। उनकी आबादी 65 प्रतिशत है इसके हिसाब से आरक्षण तय करना होगा, जो राजनीतिक पार्टियां चुनावी घोषणा पत्र में उनकी 11 सूत्री मांग को शामिल करेगी उनका समर्थन देने पर निर्णय लिया जाएगा।निकाय चुनाव में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी को 52 प्रतिशत आरक्षण देना होगा और तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण पूरे झारखंड में लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ओबीसी महासम्मेलन चिंगारी का काम करेगी और पूरे देश में ज्वालामुखी की तरह यह अभियान भड़क के अपने अंजाम पर पहुंचेगी।उन्होंने बताया कि शिवाजी मैदान काफी छोटा पड़ रहा था और शहरी गतिविधि अस्त-व्यस्त हो जाती। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भी 10 फरवरी को होना है। ऐसे में हाउसिंग कॉलोनी मैदान में कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। पूरे पलामू प्रमंडल में 33 लाख लोग ओबीसी समाज से आते हैं। इस सम्मेलन में 5 से 10 प्रतिशत भी लोग उपस्थिति दर्ज कर दें तो डेढ़ से 2 लाख लोगों की मौजूदगी कार्यक्रम में होगी। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत हो जाएगी। पूरे दिन कार्यक्रम चलेगा और समाज से आने वाले सारे अतिथि लोगों को उनके हक अधिकार से रूबरू कराएंगे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शिव हनुमत मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा थाना परिसर के नवनिर्मित शिव हनुमत मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह पूर्व थाना प्रभारी सूरज चैल एसआई अभय आनंद सुरेंद्र सिंह विक्रम सिंह सहित पिपरा थाना के दर्जनों पुलिस कर्मियों अपना तन मन धन लगाए हुए दिखाई पड़ रहे है. मुखिया उषा देवी एवं उनके पति समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह पिपरा बाजार निवासी संजय कुमार सिंह अपने परिवार के साथ पूजा पाठ में जजमान की भूमिका निभा रहे है. वही पूजा पाठ मुख्य रूप से अरुण मिश्रा एवं बिंदेश्वर पाठक के द्वारा कराया जा रहा है। सर्वप्रथम मंदिर में मूर्ति की स्थापना करने के बाद विधिवत पूजा पाठ किया गया। उसके बाद भव्य कलश यात्रा सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई. पिपरा थाना परिसर से निकल कर श्रद्धालुओं ने पुनपुन उद्गम स्थान से जल का उठाव कर वापस थाना परिसर लौटे। सैकड़ो की संख्या में महिलाएं लड़कियां पुरुष नन्हे मुन्ने बच्चे पूरे जोश एवं उत्साह के साथ जय श्री राम का नारा लगा रहे थे. दिन शनिवार को पूजा पाठ का कार्यक्रम पूरे दिन चलेगा वहीं रविवार को भंडारे के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है। प्रसाद ग्रहण करने के लिए थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के सभी लोगों को आमंत्रित किया है।

## सीसीएल की ओर से लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर, 514 लोगों का किया गया मुफ्त इलाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित कोलियरी मगध-संघमित्रा द्वारा सीएसआर के तहत जीएम कार्यालय परिसर चमातु में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें गांधी नगर अस्पताल, सीसीएल, रांची के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर पहुँचे थे। आयोजित शिविर में नेत्र, ईएनटी, मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, मधुमेह, बीपी, ईसीजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी, त्वचा संबंधी डॉक्टरों ने ग्रामीणों का निशुल्क जांच एवं दवा वितरण किया। परियोजना पदाधिकारी एस.सतनारायण ने बताया की सीसीएल द्वारा सामाजिक दायित्व के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 514 लोगों का रजिस्ट्रेशन करते हुए जांच किया गया। वही जीएम नृपेंद्र नाथ ने कहा कि यह शिविर पूरी तरह से पीएएफ, ग्रामीणो को समर्पित है और मगध संघमित्रा क्षेत्र द्वारा सीएसआर के तहत इस प्रकार का शिविर आगे भी आयोजित किया जाता रहेगा।वही आयोजित शिविर में अर्पिता महिला मंडल समूह के द्वारा वृद्ध ग्रामीणों और गर्भवती महिलाओं को 200 फल और पोषक तत्वों के पैकेट वितरित किया गया । वितरण का कार्य जीएम की पत्नी विभा नाथ और पीओ की पत्नी ममता सदला ने किया।

## रामचरित मानस व श्रीमदभागवत दोनों प्रभु प्राप्ति का साधन है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के मंगरदह ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन स्वामी श्याम नारायनाचार्य महाराज ने कहा कि रामचरित मानस व श्रीमदभागवत दोनों के द्वारा प्रभु प्राप्ति का साधन बताया गया है. जीव का कल्याण भगवान की शरणागति होने पर ही होता है। जीव जब तक भगवान के शरण में नही जाता तब तक उसे किसी प्रकार की शांति नही मिलती। भगवान की कथा जहां भी होती है वहां सिर्फ मनुष्य ही नही अपितु पशु पक्षियों जीव जंतु भी कथा का श्रवण कर अपने जीवन को सार्थक करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस नीलगिरी पर्वत पर कागभुशुण्डि नाम का पक्षी राम कथा कर रहा हो, हंसः और गरुड़ जैसे पक्षी भी राम कथा श्रवण करते हैं और भगवान का कथा सुनकर प्रमानंदित होते है। उतर दिशि सुंदर गिरिनिला तह रह काग भुसुण्डि सुशीला इसलिए जो भी भगवान के शरणागति होता है उसी को यह सुख प्राप्त होता है. इसलिए जीवो को अपने धर्म पर अडिग विश्वास होना चाहिये। मौके पर डॉ निशीथ नीरव, कंचन तिवारी, मंटु पांडेय, संतोष पांडेय, रिशु सिंह, गुडू लाल, सिंधु पांडेय, राजेश पांडेय, राजा पांडेय, दया नन्द पांडेय, रमेश महतो, श्यामनन्द पांडेय, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।


## महुआडांड में भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत किया गया दिवाल लेखन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड :** भाजपा के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सह भाजपा नेता संजय जायसवाल के नेतृत्व में प्रखण्ड के कई मतदान केंद्र के पोषक क्षेत्रों में दीवार लेखन कार्य किया गया। इसकी जानकारी देते हुए संजय जायसवाल ने बताया कि दीवार लेखन का कार्य मुख्यालय स्थित बुथ संख्या 293, 294, 295 व 296 में दीवार लेखन का कार्य किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास उज्जवला योजना, किसान निधि के लाभूको से वार्तालाप किया गया और बताया गया कि केंद्र में जबसे मोदी आयें है विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजना चला कर लोगों को उत्थान कर रहें है। दीवाल लेखन कार्यक्रम के तहत दीवार पर कमल फूल का चिन्ह बना व एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा गया। अभियान में मुख्य रूप से भाजपा नेता भुवनेश्वर सिंह, भाजपा महामंत्री जमुना प्रसाद, संजय राय, अवधेश जायसवाल, प्रशांत सिंह और मुकेश जायसवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अबुआ आवास में एससी, एसटी और ओबीसी के साथ खेला जा रहा है खेल




**श्रवण कुमार पासवान@प्रभात मंत्र**

**बंशीधर नगर :** पदाधिकारियों के अनुसार जिला से अबुआ आवास की सूची जारी किया गया है।जब कि जारी सूची में वरीयता क्रम किस आधार पर बनाया गया है इसकी जानकारी किसी को भी नही या कर्मी बताना ही नही चाहते।प्रत्येक सूची एससी, एसटी, मोइनिरिटी हो या फिर ओबीसी किसी भी केटेगरी की सूची का कोई भी आधार समझ मे नही आता। अलग अलग पंचायत में अलग अलग आधार बना कर सूची का संकलन किया प्रतीत होता है। एससी,एसटी का आंकड़ा बताता कुछ है। आवंटन कुछ और ही है। जब कि पूरे प्रखंड के लिए बनाए गए सूची को देखने पर कही भी किसी भी पंचायत में कोटिवार लक्ष्य के अनुरूप सूची का निर्धारण नही किया गया है। एससी,एसटी कोटे की बात करे तो भोजपुर पंचायत में कोटे 50प्रतिशत के लिहाज से 20 आवास मिलने थे, दिये गए 27। चितविश्राम पंचायत में 33 आवास मिलने थे, मिले मात्र 17।गरबाँध में मिलने थे 28, मिल गए 47।हलिवंता कला पंचायत में मिलने थे 21, मिल गए 27।हुलहुला खुर्द में मिलने थे 26, मिले मात्र 9 कधवन में मिलने थे 29 मिले मात्र 13 कोलझिकि पंचायत में मिलने थे 17, मिले केवल 12। कुंबाखुर्द में मिलने थे 31 मिल गये 54 कुशदण्ड पंचायत में मिलने चाहिए थे 43 आवास मिले मात्र 28 नरही पंचायत में मिलने चाहिए थे 22आवास लेकिन मिले 15 आवास।पिपरडीह पंचायत में मिलने चाहिए 22 मिल गये 24।जब कि कुल अकड़ा एससी/एसटी का होता है 312 आवास, मिला 291 आवास।इसी प्रकार ओबीसी आवंटन का खेल भी मिलता जुलता है।ओबीसी को आवंटन 35 प्रतिशत के लिहाज से प्रखंड के कुल आवंटन 624 आवास में से 218 अबुआ आवास मिलना चाहिए जब की मिला कुल 185 आवास। अब पंचायतवार अकड़ा देखिये भोजपुर पंचायत में 14 आवास में मिले 13। विलासपुर में 13 में से 18 मिल गये। गरबाँध में 19 में से 8। हलिवंता कला में 15 में से 9। हुलहुलाखुर्द में 18 की जगह 22 मिल गए।कधवन में 20 की जगह 16। कोलझिकि में 11 की जगह 21 मिल गए।कुंबाखुर्द में 21 में से 8 ही मिले। कुशदण्ड पंचायत में 30 में से 21 आवास। पिपरडीह पंचायत में 15 में से 11 आवास का आवंटन ही किया गया। ऐसा नही है कि खेल सिर्फ एससी, एसटी, ओबीसी के साथ ही हो रहा है।सामान्य केटेगरी में भोजपुर में 2 में से 1।विलासपुर में 2 मे से 1। चितविश्राम में 3 में से 6। गरबाँध में 3 में से 1। हलिवंता कला में 2 में से 7। हुलहुलाखुर्द 3 में से 4, कधवन 3 में से 1, कुशदण्ड में 4 मे से 2, नरही पंचायत में 2 में से 7,पिपरडीह पंचायत में 2 में से 4 अबुआ आवास का आवंटन किया गया है।कुल आवंटन 31 में से 34 अबुआ आवास का आवंटन किया गया है। बात करते है मोइनिरिटी की जिसे 10 प्रतिशत का आवंटन आवास का दिया गया है।जहा दिखाया जा रहा है कुछ और,किया जा रहा है कुछ और।भोजपुर, विलासपुर, गरबाँध, हलिवंता कला और कुंबाखुर्द पंचायत में मोइनिरिटी की संख्या शून्य है। लेकिन प्रखंड के कुल आवंटन 10 प्रतिशत के लिहाज से 62 आवंटन आवास का होता है।लेकिन आवंटन किया गया है 114 आवास।सवाल उठता है कैसे? किस लिए कौन सा खेल है ये? आंकड़े पंचायतवार देखिए पांच पंचायतों को छोड़ कर चितविश्राम पंचायत में आवास मिलना चाहिए 7 आवंटन मिल गया 20 आवास का। हुलहुलाखुर्द में मिलना चाहिए 5 आवास मिल गए 18 आवास। कधवन में मिलना था 6 मिल गए 28 आवास। कोलझिकि में मिलना चाहिए 3 आवास मिला मात्र 1 आवास। कुशदण्ड पंचायत में मिलना था मात्र 8 आवास मिला चार गुना 35 आवास। नरही पंचायत में 4 आवास के बदले 6 आवास। पिपरडीह पंचायत में भी वही हाल मिलना चाहिए 4 आवास मिल गया 6 अबुआ आवास। आकड़ो से साफ पता चलता है कि हर लिहाज से विशेष समूह पर कुछ लोगो की विशेष कृपा है। आखिर कौन से लोग है जो इस प्रकार का खेल रहे है खेल?

## सरकारी सुविधा से कोसो दूर है इंद्रावती देवी न रहने को घर है, न खाने को अन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा प्रखंड के पिपरीकला पँचायत के वियार टोला निवासी इंद्रावती देवी पति संदीप कुमार चन्द्रवँशी पिछले एक वर्षो से दूसरे के घर मे सरन लिया हुआ है.इंद्रावती के जर्जर कच्चा मकान पिछले वर्ष बारिस में गिर जाने से उनका परिवार बेघर हो गया था।जिस कारण तीन बच्चे एवम मंदबुद्धि पति के साथ वह पास में ही दूसरे घर मे रहने को मजबूर है।इंद्रावती देवी ने बताया कि अभी तक आवास का लाभ नही मिला है।आवास का लाभ लेने के लिए जनता दरबार मे अबुआ आवास योजना का आवेदन भी दिया है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड नही बनने के कारण राशन भी नही मिलता है।राशन नही मिलने के कारण आस पास में ही मजदूरी कर तीन बच्चे एवम मंदबुद्धि पति का भरण पोषण कर रहे है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड को लेकर जनता दरबार मे आवेदन भी दिए थे।लेकिन वहाँ उपस्थित कर्मी आवेदन लेने से इनकार कर दिए। उन्होंने बताया कि बेघर होने बाद अपने नन्हे बच्चे और पत्ती का भरण पोसन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव वालों की मदद से किसी तरह एक वक्त का रोजी रोटी जुट पाती है। आये दिन भूखे पेट भी सोना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इनका माली हालत बिल्कुल ही खराब है। वह किसी तरह मजदूरी कर अपने तीन बच्चों एवम मंदबुद्धि पत्ती का भरण पोषण कर रही है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी कई बार सहयोग किये है। लेकिन अभी तक इंद्रावती देवी सरकारी सुविधाओं से कोसो दूर है।इस सम्बंध में पूछे जाने पर बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने बताया कि जनाकारी मिली है। जिसको लेकर अविलंब कारवायी किया जाएगा।

**सुविचार**

यदि आप दूसरों का सम्मान करेंगे, तो आपको भी सम्मान मिलेगा।

## मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में 24 हजार 8 सौ 27 लाभुकों को दिया स्वीकृति पत्र

# अबुआ आवास योजना में बिचौलियों पर होगी करवाई : चंपई सोरेन

* एक-एक व्यक्ति को पूरे मान-सम्मान के साथ मिल रहा हक-अधिकार इंसाफ
* राज्यवासियों के आर्थिक-सामाजिक-शैक्षणिक विकास के लिए सरकार संकल्पित
* आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के के साथ खड़ी है सरकार

### राज्य के हर गरीब और आवास विहीन लोगों को पक्का मकान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य के हर गरीब का अपना आशियाना होगा। कोई भी व्यक्ति आवास विहीन नहीं रहेगा। राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरतमंदों को तीन कमरे का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही।


इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के पहले चरण के लिए चयनित 24 हजार 827 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार रुपए हस्तांतरित किया। विदित हो कि कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला- खरसावां जिले में अबुआ आवास योजना के लिए 1 लाख 92 हजार 624 लाभुक चिन्हित किए गए हैं।

**अबुआ आवास योजना में लापरवाही रखने वालों पर होगी कार्रवाई**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अबुआ आवास योजना में किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी और लापरवाही प्रकाश नहीं की जाएगी। सभी योग्य लाभुकों की स्थायी प्राथमिकता सूची बनेगी और उसी अनुरूप उन्हें आवास आवंटित किया जाएगा। इसमें अगर कोई भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### एक-एक व्यक्ति को हक-अधिकार और न्याय मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार आपकी है। एक-एक व्यक्ति को पूरे मान सम्मान के साथ उसका हक अधिकार देंगे । किसी के साथ कोई शोषण और अन्याय नहीं होगा। यहां हर किसी को न्याय मिलेगा। इसके साथ ही सरकार हर परिस्थिति में आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी, यह हमारा वादा है ।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, दीपक बिरूवा, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, सविता महतो, समीर कुमार मोहंती, दशरथ गागराई, मंगल कालिंदी,संजीव सरदार,सोनाराम सिंकू, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे,कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार रुपए हस्तांतरित किया।

### झारखंड को संवारने का संकल्प पूरा करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपने कुशल नेतृत्व से झारखंड को संवारने का काम कर रहे थे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी उन्होंने झारखंड की व्यवस्था को अव्यवस्थित होने नहीं दिया। मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने का काम किया। सभी के जीवन और जीविका की व्यवस्था की। हमारी सरकार उनके संकल्प, सोच, नीति, योजना, मिशन और विजन के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

### गांव से चल रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सरकार गांव से चल रही है। आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए सरकार घर-घर तक पहुंची और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम हुआ। आज डीसी और एसपी से लेकर बीडीओ-सीओ आपके दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे लगातार जारी रहेगा।

### हर सेक्टर का होगा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पित है। यहां के खनिज संसाधन से पूरा देश जगमग करता है, उन खनिज संसाधनों का अब इस राज्य के हित में सदुपयोग होगा। औद्योगिक विकास के लिए औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाएगा । सभी पुरानी सड़कों का मरम्मत किया जाएगा। अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल शुरू कर दी गई है। हर खेत में सालों भर पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। ताकि, किसान सालों भर खेती कर अपनी आय बढ़ाकर खुद को सशक्त बना सकें।

## क्विक न्यूज

### सूरजकुंड मेले में पांच करोड़ का राम दरबार की पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्र

**फरीदाबाद :** 37वें सूरजकुंड मेले में तरह-तरह के हैंडीक्राफ्ट सहित तमाम उत्पाद देखने को मिलेंगे लेकिन राम दरबार की एक पेंटिंग आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यह पेंटिंग अपनी कीमत के लिए चर्चा का विषय बनी हुई है। इस पेंटिंग की कीमत पांच करोड़ है, उसके बाद भी वह बिक्री के लिए नहीं है।। गुजरात के रहने वाले गोपाल शर्मा ने राम दरबार की एक पेंटिंग बनाई है, जिसकी कीमत पांच करोड़ है, लेकिन वह उसे बेचना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि इस पेंटिंग में श्रीराम अपने राजतिलक के बाद दरबार में विराजमान हैं। गोपाल शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीराम के प्रति उनकी बहुत ज्यादा आस्था है। इसलिए पेंटिंग वो नहीं बेचना चाहते। पेंटिंग को बनाने में पांच साल की मेहनत लगी है।गोपाल शर्मा को कई नेशनल अवार्ड भी मिल चुके हैं। इस पेंटिंग के लिए उन्हें राष्ट्रपति से शिल्प गुरु का अवार्ड भी मिल चुका है।

### सड़क हादसे में मां-बेटे और बहू की मौत

**अमेठी :** जिले के गौरीगंज कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में मां-बेटे और बहू की मौत हो गई।गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली-सुल्तानपुर रोड पर सराय भागमानी गांव के पास रायबरेली की ओर से सुल्तानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके चलते बाइक पर सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त विशाल (25), उसकी पत्नी मनीषा (24) और विशाल की मां सरिता (50) निवासी ग्राम गढ़ामाफी जिला अमेठी के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद मुंशीगंज कोतवाली पुलिस की सहायता से कंटेनर चालक को पकड़ लिया गया है।

### राज्यसभा सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने लिए भाजपा ने जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने अपने राज्यसभा सदस्यों के लिए शनिवार को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन व्हिप जारी किया है।राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने बुधवार को पार्टी सांसदों को सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए 10 फरवरी को राज्यसभा में उपस्थित रहने के लिए तीन-लाइन व्हिप जारी किया है।वाजपेयी ने कहा कि भाजपा के सभी राज्यसभा सांसदों को सूचना दी जाती है कि राज्यसभा में कुछ अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य चर्चा एवं पारित करने के लिए शनिवार को लाए जाएंगे। भाजपा के सभी राज्यसभा सदस्यों से वह निवेदन करते हैं शनिवार को सारे दिन पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।

### बीएसएफ ने 12 करोड रुपए मूल्य के सर्प विष के साथ तस्कर को पकड़ा

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र में दक्षिण दिनाजपुर जिले के हिली में भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे इलाके से 12 करोड़ रुपये मूल्य का तस्करी कर लाया गया सांप का जहर जब्त किया है। बीएसएफ के मुताबिक, एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से सांप के जहर वाला क्रिस्टल जार जब्त किया गया है, जिसे अब वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार हुए आरोपित की पहचान 51 वर्षीय तपन अधिकारी के रूप में हुई है। वहीं, सांप के जहर की खेप रखने वाला विशेष क्रिस्टल जार फ्रांस में बनाया गया था। राज्य वन विभाग के अधिकारियों को संदेह है कि संभवत- यह खेप नेपाल के रास्ते चीन में तस्करी के लिए लाई गई थी।बालुरघाट वन प्रभाग के रेंजर सुकांत ओझा ने बताया कि 61 बटालियन बीएसएफ ने सांप के जहर की खेप के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा,वह त्रिमोहिनी का निवासी है जो हिली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है।

### स्टीलबर्ड बना दुनिया का सबसे बड़ा हेलमेट उत्पादक

**नई दिल्ली :** हेलमेट बनाने वाली कंपनी स्टीलबर्ड दुनिया की सबसे बड़ी हेलमेट की उत्पादक बन गई है. बीते साल इस कंपनी ने करीब 80 लाख हेलमेट भारत समेत दुनिया में बेचे. इससे स्टीलबर्ड हाई टेक कम्पनी की कमाई में जबरदस्त उछाल आया और ग्रुप का राजस्व 687 करोड़ जा पहुंचा. जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 के दौरान कंपनी ने 7799273 हेलमेट बेचे. कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव कपूर ने एनडीटीवी को बताया कि उनकी कंपनी बच्चे, महिलाओं और पुरुषों के अलग अलग कैटेगरी के हेलमेट बनाती है, जिसकी कीमत 799 रु से लेकर 15 हजार रु तक है. रोड सेफ्टी के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े को कोट करते हुए कपूर ने कहा कि भारत में हर साल सड़क हादसे में 3 लाख लोगों की मौत होती है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $26^0$ |
| न्यूनतम | $12^0$ |




### गुमला : जमीन विवाद में तीन की हत्या

**गुमला:** जमीन विवाद को लेकर आपस में हुए खूनी संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो गयी. इनमें से एक को गंभीर हालत में रांची के रिम्स रेफर किया गया है. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है. इसके साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गयी है. वहीं इस घटना के बाद से गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि यह घटना जमीन व पेड़ विवाद में घटी है. जिसमें सिसई थाना क्षेत्र के पोटरो सकरौली गांव में पूर्व से एक परिवार में आपसी रंजिश चल रही थी. इसी बीच शुक्रवार को उनमें विवाद बड़ गया, जिसमें ननकेश्वर साहू, सतेंद्र साहू व शिव कुमार साहू द्वारा पारंपरिक हथियार से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया. उनके द्वारा मुन्ना साहू, नागेश्वर साहू और पवन साहू की हत्या कर दी गई जबकि मुन्ना साहू के पुत्र विकास साहू की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है. जिसे रांची रिम्स रेफर किया गया है. इस वारदात में मारे गये सभी आपस में भाई हैं. वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद सिसई थाना दलबल के साथ पहुंची और शव कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पूरे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है. पुलिस इस दौरान कैंप भी लगातार कर रही है. इस मामले को लेकर एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने बताया कि जमीन और पेड़ को लेकर दो परिवार में विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## हेमंत सोरेन मामले में ईडी ने हाईकोर्ट में दाखिल किया जवाब, 12 को सुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी मामले में प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता ने झारखंड हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है. इसपर 12 फरवरी को सुनवाई होगी.

हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ईडी ने गिरफ्तारी की क्या वजह बताई है. लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि जवाब में वहीं बातें होंगी, जिन्हें ईडी ने हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेने के लिए पीएमएलए कोर्ट में पेश किया था. दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को कस्टडी में ले लिया था, तब वह मुख्यमंत्री थे. हालांकि, कस्टडी में लिए जाने से पहले ही उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गिरफ्तारी की आशंका जता दी थी. उन्होंने अदालत से आग्रह किया था कि पूछताछ के दौरान उनके खिलाफ कोई भी पीड़क कार्रवाई ना हो. लेकिन 1 फरवरी को यह कहते हुए हाईकोर्ट से समय मांगा गया कि उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है और उन्होंने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. यह कहते हुए याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर करने पर ईडी ने आपत्ति जताते हुए जवाब दाखिल करने का आग्रह किया था. लेकिन 2 फरवरी को हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी लेकिन शीर्ष अदालत ने पहले हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया था. इसके बाद हस्तक्षेप याचिका दायर होने पर 5 फरवरी को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. उसी दिन हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए 9 फरवरी तक का समय दिया था.

# हल्द्वानी हिंसा : 5 की मौत कर्फ्यू जारी, इंटरनेट निलंबित

**एजेंसी**

**देहरादून :** नैनीताल जिले के हल्द्वानी में गुरुवार को हुई बनभूलपुरा हिंसा में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन की हालत अत्यंत गंभीर है। इस मामले में 18 नामजद समेत 5 हजार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उपद्रवियों से निपटने के लिए धामी सरकार सख्ती बरत रही है। राज्य सरकार ने साफ कर दिया कि बनभूलपुरा में हिंसा करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शहर के उपद्रवग्रस्त इलाके में कर्फ्यू जारी है और इंटरनेट सेवा भी निलंबित कर दी गई हैं। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि बनभूलपुरा हिंसा में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में घायल तीन लोगों की स्थिति अत्यंत गंभीर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी में अपने सरकारी आवास पर स्थिति पर उच्च अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। इस बीच ड्रोन से पूरे वनभूलपुरा क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। पुलिस मुख्य साजिशकर्ता को तलाश कर रही है। इस मामले में अब तक तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए पूरे शहर में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी है।मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माण हटाने के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमला करने और अशान्ति फैलाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने शान्ति व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए को प्रभावित क्षेत्र में कैंप करने के निर्देश दिए हैं।

**18 नामजद समेत 5 हजार के खिलाफ मामला दर्ज**



### बरेली में भी बवाल

बरेली : उत्तर प्रदेश के बरेली में शुक्रवार को श्यामगंज बाजार में पथराव की घटना हुई. शहर में पुल के नीचे दुकान पर पथराव किया गया. पत्थरबाजी करके माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया. बताया जाता है कि नारेबाजी का विरोध करने पर उपद्रवियों ने पथराव किया. पथराव से कई लोगों को चोटें लगीं. बरेली के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा, मैं जनता से अपील करता हूं कि अपने घर में रहें. यदि अन्य कहीं घटना हुई है, तो उससे इतना आहत नहीं होना चाहिए कि हमारे घर के आसपास लॉ एंड आर्डर बिगड़े.

## पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के नाम का पीएम मोदी ने किया ऐलान

# तीन और हस्तियों को भारत रत्न

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया है. पीएम मोदी ने खुद एक्स पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी. पीएम मोदी ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कहा, हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है. यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है. दरअसल रालोद के मुखिया जयंत सिंह के दादा और किसानों के मसीहा तथा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को काफी समय से भारत रत्न देने की मांग उठ रही थी. पीएम के ऐलान पर जयंत चौधरी ने पोस्ट करते हुए लिखा, दिल जीत लिया! वहीं कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने का ऐलान करते हुए पीएम मोदी ने कहा,यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में, नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए शानदार तरीके से भारत की सेवा की. उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद और विधानसभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए समान रूप से याद किया जाता है. उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था. प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को याद करते हुए पीएम मोदी ने लिखा,यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है. उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए.



### दिल्ली में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी):** नजफगढ़ में शुक्रवार को दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। फायरिंग एक सैलून में हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि नजफगढ़ थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉलर ने बताया कि इंद्रा पार्क, पिलर नंबर 80, सैलून में एक लड़के को गोली मार दी गई।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## जेवीएम के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे को भरने का किया आग्रह

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पथ निर्माण विभाग खूंटी के कार्यपालक अभियंता एवं उपायुक्त खूंटी को एक ज्ञापन प्रेषित कर आग्रह किया गया है कि विगत एक दो महीना से खूंटी भगत सिंह चौक से डाक बंगला तक सड़क के दोनों ओर गड्ढा खोदकर रोड बनाने का कार्य किया जा रहा है सड़क के दोनों ओर रोड बनाने के नाम से गड्ढा करके लोगों के आवाजाही में परेशानी एवं दिक्कत उत्पन्न कर दिया है संवेदकने क्योंकि इस जगह सब्जी मार्केट भी है और सड़क के दोनों ओर गड्ढा करके छोड़ दिया गया है कहीं-कहीं दोनों तरफ मटेरियल बिछाकर छोड़ दिया गया है और पूर्ण रूप से गड्ढा भी नहीं भरा गया है पथ निर्माण विभाग खूंटी को चाहिए था संवेदक को निर्देश देकर कम से कम सड़क के एक छोर को कंप्लीट करता उसके बाद दूसरी छोर पर गड्ढा करनी चाहिए थी लेकिन संवेदक के द्वारा ऐसा नहीं किया गया आननफानन में दोनों ओर गड्ढा करके लावारिस छोड़ दिया गया इससे आए दिन लोगों को चलने में तथा चार पहिया वाहन दो पहिया बाइक एवं आम जनों को पैदल चलने में भी कठिनाई हो रही है लोग सब्जी लेने जब जाते हैं तो उन्हें बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है मैं उपायुक्त महोदय से और आरसीडी के कार्यपालक अभियंता से हम आग्रह करना चाहते हैं कि संवेदक को यथाशीघ्र निर्देश देकर जितना जल्द हो कम से कम एक छोर के गड्ढा को मटेरियल से भरकर सड़क के किनारे को पूर्ण कराया जाए और साथ ही साथ और जब सड़क बन ही रहा है तो सड़क के दोनों छोर पर पांच-पांच फीट का निर्माण होने से रोड चौड़ीकरण हो जाता लोगों को आने-जाने में सुविधा होती और काम की गुणवत्ता पर भी विभाग को देखने की आवश्यकता है यही आग्रह हम उपायुक्त महोदय एवं कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग खूंटी से आग्रह करते हैं।

## बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी का स्वागत

**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत नवनियुक्त बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रतिभान सिंह और बुंडू थाना प्रभारी राय सौमित्र पंकज भूषण के कार्यालय में पहुंचकर शुक्रवार को शांति समिति के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और बधाई दी। मौके पर शांति समिति के सदस्य कवि नायेक, रोशन महतो, कैलाश हलवाई, अबु सईद अंसारी, जमशेद आलम, अमजद खान, मोहम्मद अरशद आदि मौजूद थे।



## जन जागृति मंच के प्रयास से बुटी मौजा मोतियाबिंद से मुक्ति की ओर अग्रसर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन जागृति मंच की ओर से एकदिवसीय निःशुल्क आंख जांच शिविर बुटी मंडा मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें 45 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। 32 मरीज को चश्मा का सलाह दिया गया है एवं 12 व्यक्ति में आंखों की कोई बीमारी नहीं पाए गए तथा एक मरीज को आगे की जांच के लिए अस्पताल बुलाया गया है। संयोजक रामेश्वर प्रसाद ने डॉक्टर जूही कुमारी एवं डॉक्टर ममता कुमारी से बात किया तो डॉक्टरों ने बताया की जन जागृति मंच के प्रयास से अब बुटी मौजा मोतियाबिंद से मुक्ति की ओर अग्रसर है। 45 मरीजों में एक भी मोतियाबिंद से ग्रसित व्यक्ति नहीं पाया गया। जन जागृति मंच ने विगत 2 वर्षों से रांची में आंख जांच शिविर लगाकर लोगों की आंख जांच कराते आ रहा है एवं मोतियाबिंद के सभी मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भगवान महावीर आई केयर हॉस्पिटल, बुटी मोड़ में कराने का काम किया है।इस बड़ी उपलब्धि में जन जागृति मंच के जितेंद्र महतो अध्यक्ष, अशरफ अंसारी सचिव, महावीर मुंडा कार्यकारी अध्यक्ष, राजलक्ष्मी वाला संरक्षक, संजय साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार संगठन मंत्री, महेंद्र महतो, कर्मदेव बैठा, मनोज महतो, पवन कुमार, अजित महतो, राम ओहदार, रजनीकांत ओहदार, सुरेन्द्र लाल महतो, संजय महतो पप्पू कुमार प्रमोद मिश्रा, अर्जुन महतो, बबलू महतो, लगनू महतो, मोहनलाल महतो,राजकुमार महतो, अंजली देवी, पुष्पा देवी एवं जन जागृति मंच के तमाम सदस्यों के सहयोग से यह काम सफल हो सका है।



## 10 से 25 फरवरी तक एमडीए जागरूकता रैली का होगा आयोजन

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विभागीय निर्देश के आलोक में बोकारो जिले में दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक एम0डी0ए0 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम से पूर्व आमजन को इस कार्यक्रम की जानकारी देने हेतु सभी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत लक्षित जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा सके। इस निमित शहरी मलेरिया योजना, बोकारो एवं बोकारो स्टील सिटी क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत सहियाओं के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय से जागरूकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली का शुभारम्भ सिविल सर्जन डा दिनेश कुमार एवं जिला भीबीडी पदाधिकारी डा रेणू भारती द्वारा संयुक्त रुप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली सिविल सर्जन कार्यालय गेट से प्रारम्भ होकर गरगा पुल चास से होते हुए बोकारो हवाई अड्डा तक फिर बोकारो हवाई से बोकारो परिसदन भवन तक फिर वहा होते हुए वापस कैम्प 2 सिविल सर्जन कार्यालय में रैली तक समाप्ति की गई।

## चंदनकियारी का कलाकार जनार्दन झा, कई हस्तियों के साथ कर चुका है काम

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार के साथ काम करनेवाले बोकारो के कलाकार मात्र हजार रुपए लेकर घर से निकले थे और बॉलीवुड में गाड़ दिए बुलंदी के झंडे। एक के बाद एक करके कई फिल्मों में काम किए और टीवी सीरियल के साथ साथ कई एड फिल्मों में काम किए। ये कहानी है झारखंड के बोकारो स्थित चंदनकियारी जैसे सुदूर गांव के रहनेवाले जनार्दन झा की। धोनी की बायोपिक फिल्म द अनटोल्ड स्टोरी से सहायक कलाकार के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत करनेवाले ये कलाकार फिर कभी पीछे मुड़कर नही देखा। इस कलाकार की घर की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नही थी जब इन्होंने एक्टिंग को अपना कैरियर चुना। एक तरफ घर की माली हालत ठीक नहीं उसपर घरवालों के तरफ से नौकरी करने का दबाव था लेकिन फिर भी हार नही मानी और स्ट्रगल को चुना। बोकारो के चंदनकियारी जैसे सुदूर गांव से निकलकर मुंबई जैसे चौकाचौंध वाली शहर जहां न कोई जान और ना कोई पहचान और न कोई परिचित वाले।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**शुद्धि पत्र**

भवन प्रमण्डल सिमडेगा के अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –24/2023-24, PR 317723 Building (23-24)D में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 318460 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (23-24)D


## एसजीएफआई राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** गत दिनों झारखंड राज्य गतका ओपन ट्रायल में 32 खिलाड़ियों का चयन झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा एसजीएफआई राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के लिए किया गया था जिसमें एमजीएम स्कूल बोकारो के 13 खिलाड़ियों ने भी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया एसजीएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो की स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया(स्त्रस्र्ढ्ढ) के द्वारा दुर्ग, छत्तीसगढ़ में 4 से लेकर 7 फरवरी तक किया गया उसमे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एमजीएम के 13 में से 6 खिलाड़ियों ने 7 मेडल अपने नाम किया जिसमें एक सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है झारखंड गतका टीम के कोच रहे राजीव कुमार सिंह ने बताया कि की झारखंड की टीम ने प्रतियोगिता के दौरान कल 14 मेडल हासिल किया जिसमें टीम इवेंट्स में 12 मेडल और इंडिविजुअल इवेंट्स में 2 मेडल शामिल है गतका टीम के कोच रहे राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में बोकारो एमजीएम हायर सेकेंडरी के 6 खिलाड़ी भी शामिल है साक्षी श्रीवास्तव, जेबा नाज, एंजेल रानी, तृप्ति झा ने अंडर-19 बालिका वर्ग फरी सोती टीम इवेंट में खेलते हुए ब्रोंज मेडल के साथ-साथ ओवरऑल अंडर 19 बालिका वर्ग में तृतीय स्थान का खिताब भी जीता वही हर्षित कुमार अंडर-19 बालक वर्ग में सिंगल छोटी टीम इवेंट में ब्रोंज मेडल हासिल किया वही साक्षी श्रीवास्तव ने इंडिविजुअल फरी सोती इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया और वेदांत भारद्वाज ने अंडर 17 बालक वर्ग सिंगल सोटी टीम इवेंट में ब्रोंज मेडल हासिल किया। स्कूल बोकारो के प्राचार्य रे जी सी वर्गीस ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वही स्कूल के उप प्राचार्य श्रीमती रेखा बनर्जी के साथ-साथ हेड मिस्ट्रेस एनसी वर्गीस, गतका एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के सचिव विद्या कुमारी तथा कोऑर्डिनेटर पप्पू कुमार एवं अध्यक्ष केशव कुमार हारोडिया ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं भेंट की।

## खतियानी झारखंडी पार्टी की हुई प्रखंड स्तरीय बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा अंतर्गत गुरुवार के दिन सिल्ली प्रखंड के केजेपी प्रधान कार्यालय सिल्ली में एक प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से केजेपी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार ने किया जिसमे संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया।मौके पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल कुमार महतो, संतोष कुमार, सुयोग साहू, अशरफ अली, सतीश महतो, इमाम अंसारी, प्रकाश महतो, नौशाद आलम, संजय कुमार, अखिलेश कुमार, शुभम सोनार, रमेश समेत वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिछड़ी जातियों को राजीनीति एवं संवैधानिक संस्थाओं में उचित भागीदारी की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** राजनीतिक एवं संवैधानिक संस्थाओं में उचित भागीदारी की माँग को लेकर शुक्रवार को राँची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आज़ाद ने नई दिल्ली में झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि झारखंड में कांग्रेस द्वारा लगातार पिछड़ी जातियों को नजरअंदाज किया जा रहा है जिसके कारण पिछड़ी जाति के लोग कांग्रेस पार्टी से दूरी भी बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी एवं संवैधानिक संस्थाओं में सिर्फ ऊंची जातियों को ही प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे पिछड़ी जाति के लोगों में कांग्रेस पार्टी के प्रति नाराजगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम,मदरसा बोर्ड, बुनकर आयोग, उर्दू अकादमी,महिला आयोग का गठन नहीं हुआ है। उन्होंने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी से माँग की कि उक्त संस्थाओं का गठन/पुनर्गठन करते हुए पिछड़ी जातियों को उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## पप्पू होटल में लगी आग, हजारों रुपये का सामान जल कर हुई राख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के पुराने पोस्ट ऑफिस के समीप पप्पू होटल में गुरुवार की रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया।जिससे दुकान में रखे हजारों रुपये के सामान जलकर राख हो गए। वहीं आसपास के लोगों व होटल संचालक पप्पू वर्मा ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी ने बताया कि दुकान में हजारों रुपये का सामान था। उन्होंने बताया कि मैं प्रतिदिन की तरह गुरुवार की रात को दुकान बंद कर घर चला गया। वहीं अहले सुबह लगभग तीन बजे दुकान से आग की लपटें निकलता हुआ देखकर नाइट गार्ड ने इसकी सूचना मुझे दिया। इधर आग लगने की सूचना मिलते ही मेरे होश उड़ गए। मैंने मौके पर पहुंचकर देखा कि दुकान सामान सहित जल रही थी। वहीं नाईट गार्ड व आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की जाने लगी। लेकिन तब तब हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

## झगड़े में चली तलवार, वीडियो वायरल, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में तलवार भांजते हुए एक वीडियो सामने आया है जिसमें ससुराल और मायके वाले आपस में भिड़ गये। मामला महिला उत्पीड़न का था जिसमें महिला के मायके वाले लडकी के ससुराल पहुंचे लेकिन मामला धक्कामुक्की तलवार बाजी तक हुई जिसका बाद मामला महिला थाना पहुंचा और दोनो पक्ष से एफआईआर दर्ज हुई है। वायरल वीडियो में तलवार भाजनेवाला पुलिस का जवान बताया जा रहा है। बताते चले की ये वायरल वीडियो बोकारो के सेक्टर वन का है जहां लड़की पक्ष और लड़का पक्ष आपस में उलझे हुए है। इसी बीच एक शख्स तलवार भांजते नजर आ रहा है और वो बार बार तलवार भी हवा में भांजते हुए नजर आ रहे है जो कानून को हाथ में लेकर हथियार उठा लिया और अपने भाई के ससुराल के लोगो के ऊपर ही तलवार भांजना शुरू कर दिया। इसमें एक घायल हुआ है। यह घटना बोकारो के सेक्टर वन में घटी है और इस घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। मामला थाना तक पहुंचा पुलिस अब एक्शन लेने की बात कह रही है। बोकारो के सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने कहा की पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद करवाई की जाएगी। वही लड़की पक्ष का कहना है की तीन साल पहले शादी हुई है और लगातार ससुराल वालो के द्वारा प्रताड़ना किया जा रहा है। उन्होंने कहा की सुलह और समझोता करने के लिए अपने ससुराल अपने परिजनों के साथ गए थी जहां पति के परिवार के द्वारा तलवार भांजना शुरू कर दिया ।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल व खूंटी पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (रांची ) कमान्डेंट एस. डी. शेरखाने के दिशा निर्देश पर भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी गाँव में लगातार भागो में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है और गाँव के सभी नागरिको को इससे सम्बंधित होने बिमारियों और परेशानियो के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के द्वारा इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु गाँव के नागरिको को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया गया है । इस अभियान के तहत आज सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट और थाना साईको (खूंटी) के द्वारा विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया गया,जिसमें गांव आड़ा और कुड़ापूर्ति इलाके में 21 एकड (लगभग) में लगे अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया और गाँव के नागरिको को इसे न करने की सलाह दी गयी ढ्ढ इस मौके पर 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के प्रभारी इंस्पेक्टर कपिल नागर, उप निरीक्षक -पद्मधर दास,मुख्य/आरक्षी -राजेश बिश्वास,परेश चौधरी,डी.डी महतो,सा.आ. पंकज कुमार सिंह ,कृष्ण कुमार त्यागी ,जयप्रकाश यादव, चन्दन कुमार, और सुकरा होरो के साथ अन्य सशस्त्र सीमा बल जवान और थाना साईको के प्रभारी बिट्टू रजक के साथ अन्य पुलिस बल भी मौजूद रहे।

## आजसू पार्टी ने पेयजलापूर्ति के कनेक्शन पर बेतहाशा वृद्धि पर छूट की मांग की

बुंडू रांची जिला अंतर्गत बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार को आजसू पार्टी राँची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल बुण्डु नगर पंचायत क्षेत्र में लगाए जा रहे पेयजल आपूर्ति कनक्सेन हेतु बी पी एल परिवारों को छूट की मांग को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी नगरपंचायत (बुंडू) एवं अनुमंडल पदाधिकारी (बुंडू) से मुलाकात की।उक्त मांग पर बुंडू नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शभम कुमार ने कहा कि उपरोक्त विषय पर ऊपर से हमें कोई गाइडलाइन नहीं दिया गया है आपकी मांगो को मैं विभाग के पास भेज कर समाधान करने की कोशिश करूंगा। बुंडू नगर पंचायत बुंडू नगर में किसी भी बीपीएल कार्ड धारी को गरीब रेखा के नीचे नही मानती है जबकि जो गरीब रेखा के नीचे रहता है उसी का लाल कार्ड बनता है और उसको राशन वितरण का लाभ सरकार के द्वारा मिल रहा है लेकिन नगरपंचायत बुंडू वैसे किसी को गरीब नही मानती जिससे कि नगरपंचायत द्वारा सप्लाई पानी का कनेक्शन के लिये प्रति कनेक्शन 7000 रूपया मंगा जा रहा जो नाजायज है,अगर इस मांग पर उचित निर्णय नही होता है तो आजसू पार्टी गरीबो के हक अधिकार के लिये आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उक्त मांग की प्रतिलिपि नगर विकास विभाग (झारखंड सरकार),उपायुक्त (राँची) एव अनुमंडल पदाधिकारी (बुण्डु) को दिया गया।मौके पर आजसू पार्टी के बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, आजसू बुंडू नगर अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू, अभिषेक गोराई,मो.सिराज,सुखसारन महतो,आकाश महतो आदि मौजूद थे।

## पंचायत स्तरीय मनरेगा योजनाओं का जनसुनवाई किया गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक अंकेक्षण के तहत इटकी प्रखंड रानीखटंगा को छोड़ कर आठ पंचायतों में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय मनरेगा योजनाओं का जनसुनवाई किया गया।जिसमें वर्ष 2020-21, 2021- 22, 2022- 23 के तहत संचालित सिचाई कूप, आम बागवानी, डोभा, कच्ची नाली, पशु शेड, इत्यादि योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण टीम के द्वारा सुनवाई की गई। जनसुनवाई में अंकेक्षण टीम के अलावा संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/22/2022-23 Re-tender (3rd Call) P.R No. 294255 (Rural Development) 22-23 D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र०सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेड़ो प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास एवं प्रखंड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 606.30893 | 12,12,700.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
राँची।

PR 318400 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– **J.M.C/ 12/2023-24** **Date – 08-02-2024**

मद का नाम :– सड़क परिवहन मद

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 22 में चित्रगुप्त नगर मेन रोड (शशिरंजन राम) के घर से संजय कुमार सिंह के घर तक पेवर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य एवं नरेन्द्र सिंह के घर से मुन्ना मोदी के घर तक पथ निर्माण। | 1209230.00 | 25000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 2. | वार्ड नं0 02 में हरेन्द्र सिंह के घर से काली मंदिर तक एवं गुड्डु यादव के घर से गझड़ी मेन रोड तिलैया बस्ती तक पथ निर्माण कार्य। | 2211650.00 | 45000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 3. | वार्ड नं0 28 में छोटु ढाबा से युगेश्वर रजक के घर तक एवं डब्लु तिवारी के घर से सुबोध पाण्डेय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2249900.00 | 45000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 4. | वार्ड नं0 09 में बालेश्वर सिंह के जमीन से सतेन्द्र सिंह के घर तक सड़क व नाली निर्माण। | 1668000.00 | 33400.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 5. | वार्ड नं0 27 में कृष्णा मोदी के घर से गोवर्धन तालाब के मेढ़ तक सड़क निर्माण। | 1194700.00 | 25000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 6. | वार्ड नं0 21 में एन0एच0 31 से रविन्द्र विश्वकर्मा के घर तक एवं रामप्रसाद वर्मा के दुकान से कुलदीप वर्मा के घर तक पथ निर्माण। | 1150400.00 | 23100.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 7. | वार्ड नं0 06 में एन0एच0 से नन्ही के घर तक एवं रिजवान के घर से मनाज जी के घर तक पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | 1415000.00 | 28500.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 8. | वार्ड नं0 23 में चित्रगुप्त नगर में शम्भु सिंह के घर से बाहुल जी के घर तक, सुरेश सिंह के घर से नीम पेड़ तक एवं नवल प्रसाद के घर से तिवारी जी के घर तक सड़क निर्माण | 2396700.00 | 48000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 9. | वार्ड नं0 25 में बंशी मोदी के घर से देवानन्द जी के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण। | 1622500.00 | 32500.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 10. | वार्ड नं0 01 में आश्रम रोड रामपुकार सिंह के घर से मोल सिंह के घर होते हुए तिवारी जी के घर तक पथ निर्माण कलभर्ट सहित। | 1295110.00 | 26000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 11. | वार्ड नं0 27 में परदेशी के घर से रतन लाल के घर होते हुए हर्षधर यादव के घर से कृष्णदेव मोदी के जमीन के पिछे से उत्तर रोड तक सड़क निर्माण कार्य। | 1461800.00 | 29500.00 | 5000.00 | 90 दिन |

1. **Only E-Tender will be accepted**
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.02.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 22.02.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 23.02.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9835420400
7. **E-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05 / विविध (**e-tender**)–12 / 2023 / न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

ह0 / – प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.318462 Urban Development(23-24):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जियो-बीपी का यू-डिजर्व-मोर अभियान शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का ईंधन और खुदरा बिक्री संयुक्त उद्यम) ने एक अग्रणी मोबिलिटी सेवा प्रदाता ने आज अपना अनूठा प्रदर्शन करते हुए अपना यू-डिजर्व-मोर अभियान लॉन्च किया। भारत के ईंधन अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ग्राहकों के लिए पहल की गई है। आजादी की 100वीं वर्षगांठ की ओर अमृत काल से आगे बढ़ते हुए भारत वैश्विक ऊर्जा के लिए उज्ज्वल स्थान बना रहेगा। भारत को ओर की पेशकश करते हुए यू-डिजर्व-मोर (वाईडीएम) अभियान प्रदर्शन, सेवा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के तीन स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जियो-बीपी की पेशकश है जों ग्राहक प्रस्तावों पर प्रकाश डालता है। वाईडीएम अभियान 4.3: तक अधिक माइलेज देने वाले डीजल और पेट्रोल पर केंद्रित है। जो तेजी से बढ़ते जियो-बीपी पल्स ईवी चार्जिंग पॉइंट नेटवर्क के साथ-साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित विशेष 'एक्टिव' तकनीक के माध्यम से इंजन को 10 गुना तक साफ रखता है।

## सिंदूपुर में आयोजित भागवत कथा हुआ संपन्न



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत पारगामा के सिंदूपुर गांव में देश बंधु क्लब सिंदूपुर के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम 02 फरवरी को हुआ था सात दिनों से लगातार रात्रि के समय मथुरा राधाकुंड वृंदावन उत्तरप्रदेश आए हुए पंडित मुरलीदास शास्त्री एवं सहयोगी के द्वारा भागवत कथा सुनाकर ग्रामवासियों को मंत्रमुग्ध कराए। वही आज कलश यात्रा में सुबोध बड़ाल, सुकुमार मंडल, भूदर मंडल, स्वपन मंडल, स्वपन मंडल, जितेन मंडल, मंटू मंडल, संजय मंडल, सुधीर मंडल, तरणि मंडल, महाराज राय, बुद्धेश्वर राय,सोम चांद महतो, धीरेन मंडल, युधिष्ठिर आदि उपस्थित थे।

## चाईबासा जा रही बस का चक्का हुआ ब्लास्ट, खलासी घायल

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर- चाईबासा की ओर जा रहे मां पार्वती बस का अगला चक्का फट जाने से गाड़ी अनियंत्रित हो जाने से खालासी मधुसूदन महतो गाड़ी से गिरने के कारण बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर लाया गया. जहा प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार हाता चाईबासा मुख्य मार्ग (एनएच 220) खैरबानी गांव के पास चाईबासा की ओर जा रहे मां पार्वती बस का अगला चक्का ब्लास्ट होने के बाद गाड़ी अनियंत्रित हो गया। गाड़ी झुलने के कारण खालासी नीचे गिर गया जहां गाड़ी का चक्का उसके पैर पर चढ़ गया। खलासी घोड़ाबांधा थाना अंतर्गत सिंहपुरा गांव निवासी है।

## खाना पकाते वक्त फूस के मकान में लगी आग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओड़िया पंचायत के गेरुआला गांव में शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे खाना पकाते वक्त चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई और देखते ही देखते फूस के मकान में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दर्जनों ग्रामीणों ने बगल के बोरिंग से मोटर का पानी को पाइप के सहारे छिड़काव किया लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में गेरुआला निवासी शशधर महतो ने बताया कि दीपक गोराई के घर में उनकी पत्नी खाना पकाने के क्रम में लकड़ी के चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई। इस दौरान घर के दो कमरों में रखे धान, चावल, नकदी, वस्त्र समेत सभी सामान जल गए और घरवालों को कोई भी सामान निकालने का मौका भी नहीं मिला। गेरुआला के डीलर शशधर महतो ने तत्काल मदद करते हुए पीड़ित परिवार को 25 किलो चावल दिया।

## बोंटा में भारी वाहन ने राहगीर को रौंदा, मौत

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर बोंटा गांव के समीप एक अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से बोड़ाम थाना क्षेत्र के पगदा गांव निवासी करीब 45 वर्षीय कालू महतो की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रेलर या हाइवा ने पैदल अपने घर लौट रहे कालू को बुरी तरह रौंद दिया। बताते हैं कि उसे करीब 50 फीट तक घसीटते हुए गंभीर हालत में छोड़कर चालक वाहन लेकर भाग गया। इस घटना में घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पेशे से मजदूर कालू महतो के दो बेटे और एक बेटी है जिसमें बेटी की शादी हो चुकी है। घटना की सूचना पाकर काफी संख्या में लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गंभीर हालत में एम्बुलेंस से एमजीएम अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी जांच शिविर का आयोजन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत सदर अस्पताल सरायकेला में शुक्रवार को एएनसी जांच शिविर में 93 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच करते हुए 13 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत जिले के सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह 9 तारीख को एएनसी जांच शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं के हिमोग्लोबिन, रक्त चाप एवं खून आदि कई तरह की आवश्यक जांच कर गर्भवती महिलाओं को गर्भ के दौरान खानपान एवं बरतने वाली सावधानियों की जानकारी दी जाती है।



## सरायकेला के अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने लिया प्रभार

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रवीण कुमार सिंह ने शुक्रवार को सरायकेला अंचलाधिकारी का पदभार लिया। प्रभारी अंचलाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी यस्मिता सिंह ने प्रवीण कुमार सिंह को अंचलाधिकारी का पदभार सौंपा। जानकारी हो कि विगत कई माह पूर्व सरायकेला के अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा का स्थानांतरण हुआ था। उन्होंने तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार को पदभार सौंपे थे। कुछ दिनों बाद मृत्युंजय कुमार का भी सरायकेला से स्थानांतरण हुआ और उन्होंने नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी यस्मिता सिंह को दोनों प्रभार देकर यहां से विरमित हुए थे। कई महीनो तक प्रखंड विकास पदाधिकारी यस्मिता सिंह अंचलाधिकारी के प्रभार में रही। कार्मिक विभाग द्वारा प्रवीण कुमार सिंह को सरायकेला का अंचलाधिकारी के पद पदस्थापित किया गया। प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे विभागीय दिशा निर्देश पर अपना कार्य करेंगे।



### टाटा स्टील के कलिंगनगर और मेरामंडली संयंत्रों को मिला रिस्पॉन्सिबलस्टील सर्टिफिकेशन

# टाटा स्टील की स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण : टीवी नरेंद्रन

### कंपनी का जमशेदपुर स्टील प्लांट भारत में रिस्पॉन्सिबलस्टील प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला प्लांट था



टाटा स्टील कलिंगनगर प्लांट



टाटा स्टील मेरामंडली प्लांट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/मुंबई :** टाटा स्टील टिकाऊ इस्पात उत्पादन में अग्रणी बनी हुई है क्योंकि इसके कलिंगनगर और मेरामंडली संयंत्रों को प्रतिष्ठित रिस्पॉन्सिबलस्टील प्रमाणन प्राप्त हुआ है। 2022 में प्रमाणन प्राप्त करने वाले पहले भारतीय इस्पात संयंत्र के रूप में जमशेदपुर की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद, यह कंपनी की स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत में, टाटा स्टील का अब 90 प्रतिशत से अधिक इस्पात उत्पादन रिस्पॉन्सिबलस्टील प्रमाणित साइटों से होता है। जमशेदपुर में तीन सुविधाओं - स्टील वर्क्स, ट्यूब्स डिवीजन और कोल्ड रोलिंग मिल (बारा) को अक्टूबर 2022 में प्रमाणन से सम्मानित किया गया था। कलिंगनगर और मेरामंडली संयंत्रों को शामिल करना कंपनी के जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति समर्पण की पुष्टि करता है। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी. वी. नरेंद्रन ने कहा, हमारी साइटों के लिए रिस्पॉन्सिबलस्टील सर्टिफिकेशन टाटा स्टील की स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह स्टील उद्योग की उभरती चुनौतियों का समाधान करने और बेहतर कल को आकार देने के प्रति हमारे सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। मैं इस मील के पत्थर को हासिल करने में उनके प्रयासों के लिए रिस्पॉन्सिबलस्टील टीम, ऑडिटर्स, एश्योरेंस पैनल और टाटा स्टील की टीम की ईमानदारी से सराहना करता हूं। हम 2025 तक भारत में अपने सभी मौजूदा स्टीलमेकिंग साइटों को प्रमाणित करने के अपने लक्ष्य की ओर अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं। रिस्पॉन्सिबलस्टील की सीईओ एनी हेटन ने टिप्पणी करते हुए कहा, इन दो नए साइट प्रमाणन के लिए ऑडिट प्रक्रिया के साथ, टाटा स्टील ने अपनी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को खुलकर आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। ऑडिट के दौरान, दोनों साइटों की जीएचजी उत्सर्जन कटौती रणनीतियों और जल प्रबंधन कार्यक्रमों को उनकी मजबूती के लिए उजागर किया गया। रिस्पॉन्सिबलस्टील स्टैंडर्ड किसी साइट के पर्यावरणीय प्रभावों को प्रबंधित करने से कहीं आगे जाता है, और इसका उद्देश्य साइट के श्रमिकों और स्थानीय समुदायों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए साइटों का समर्थन करना है।

# सांसद विद्युतवरण ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले की 6 महत्वपूर्ण सड़कों की सूरत बदलेगी। यह सड़कें चमचम होंगी इन सड़कों को केंद्रीय फंड से बनाया जाएगा। इसके लिए संसद विद्युतवरण महतो ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। उनसे मांग की है कि जिन सड़कों की सूची उन्होंने मंत्रालय को सौंपी है। इनका निर्माण सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से कराया जाए। यह केंद्र सरकार का फंड है। इसके तहत सड़कों का निर्माण होता है। कहा जा रहा है कि अगर इस फंड से जिले की इन 6 सड़क का निर्माण होगा तो यह सड़कें चमाचम और मजबूत हो जाएंगी। सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाय है कि वह इन सड़कों का निर्माण कराएंगे।

**पूर्वी सिंहभूम जिले की यह सड़कें बनाई जाएंगी**

(1) बेलटांड़ रघुनाथपुर मुख्य पथ से जल्ला कॉलेज चौक से कमलपुर सारंगीडीह बांगुड़दा होते हुए कुमीर पश्चिम बंगाल सीमा तक पथनिर्माण (2) चाकुलिया बेंद मुख्य सड़क से मिश्रीकांटा बड़सोल होते हुए बेंगाम तिलबानी शांति नगर तक पथ निर्माण (3) एन एच-6 कालियाडिंगा से चित्रेश्वर, रांगुनिया, कुमारडूबी होते हुए एन एच- 6 जगन्नाथपुर तक पथ निर्माण (4) एन एच-18 महेशपुर से ज्योति पहाड़ी, पुलिया, जामबनी अंगारपाड़ा आदिवासी टोला होते हुए बालीजुड़ी पहाड़पुर तक पथ निर्माण(5) कटीन मोड़ से हुडुंमबिल भाया समरजोड़ा, दांदूडीह रोड तक पथ निर्माण (6) कांकीडीह से बनकुचिया भाया कुमीर तक पथ निर्माण मुख्य रूप से शामिल है।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने 12वी के छात्रों को भावभीनी समारोह के साथ विदाई दी



**मिस्टर जेएसएसपी बने कुमार अक्षत व मिस जेएसएसपी संजना महता बनी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क में 12वी के छात्रों का विदाई समारोह उनके सुखद यादों, चिंतन और भविष्य के लिए शुभकामनाओं से भरे एक मार्मिक समारोह के साथ मनाया गया। विदाई समारोह 8 फरवरी को आयोजित किया गया। वहीं मिस्टर जेएसएसपी का खिताब कुमार अक्षत को मिला जबकि मिस जेएसएसपी का खिताब संजना महता को मिला। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि, जैसा कि हम अपने बारहवीं कक्षा के स्नातकों को विदाई दे रहे हैं, हम न केवल उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं बल्कि उनके द्वारा प्रदर्शित व्यक्तिगत विकास और लचीलेपन का भी जश्न मनाते हैं। वे अपने पीछे उत्कृष्टता और सौहार्द की विरासत छोड़ गए हैं जो आने वाली छात्रों के पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विदाई समारोह का समापन योग्य विद्यार्थियों को 34 उपाधियाँ प्रदान करने के साथ हुआ।

## टाटा स्टील फाउंडेशन की ग्रीन स्कूल पहल विश्व स्थिरता विकास शिखर सम्मेलन में की गई प्रस्तुत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा सक्षम ग्रीन स्कूल पहल को 7 से 9 फरवरी, 2024 तक नई दिल्ली में द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (तेरी) द्वारा आयोजित विश्व स्थिरता विकास सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था। डब्ल्यूएसडीएस का 23वां संस्करण, लीडरशिप फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट जस्टिस, जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण-संवेदनशील रवैया विकसित करने के लिए युवा छात्रों को नवीन विचारों के साथ संगठित करने के टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रयासों से जुड़ा है।जोडा, डीएवी अलकुसा, झरिया और स्टीवर्ड स्कूल, सुकिंदा के छात्रों का एक पैनल ग्रीन स्कूल पहल पर सत्र में हिस्सा लिया। दूसरे पैनल में वन गुज्जर जनजाति के तौकीर आलम ने चर्चा में हरित और स्वस्थ पर्यावरण को बनाए रखने के लिए पारंपरिक प्रथाओं और ज्ञान को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिखर सम्मेलन के अंतिम सत्र के दौरान, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ, सौरव रॉय ने कहा हम अक्सर ग्रह की स्थिरता पर विचार करने की तुलना में व्यक्तिगत स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हैं और हमें बड़े पैमाने पर एक आदर्श बदलाव पर विचार करने की आवश्यकता है। हमारा नजरिया. ग्रीन स्कूल पहल वर्तमान समय में जागरूकता के माध्यम से इस ग्रह के भावी निवासियों में स्थिरता की भावना पैदा करने के फाउंडेशन के प्रयासों में से एक है। हम झारखंड और ओडिशा में युवाओं के बीच स्थिरता की इस कहानी को आगे बढ़ाने में हमारे भागीदार बनने के लिए टेरी के आभारी हैं। ग्रीन स्कूल 47 स्कूलों और उसके आसपास के लगभग 23,000 छात्रों, 371 शिक्षकों और 5000 समुदाय के सदस्यों तक पहुंच गया है।

## भाजपा सोनारी ने गांव चलो अभियान की तैयारी को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा का राष्ट्रीय स्तर पर गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर आज भाजपा सोनारी मंडल की एक कार्यशाला सोनारी भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में मुख्य रूप से शामिल गाँव चलो अभियान के सह संयोजक एवं जिला परिषद कुसुम पूर्ति, लोकसभा के विस्तारक विनय सांडिल्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य रीता सिंह, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह,वरिष्ठ नेता सह अधिवक्ता रवि ठाकुर, वरिष्ठ नेता सुदीप चौधरी, नारायण प्रसाद, किशोर साहू एवं पार्टी के समर्पित गाँव चलो अभियान के प्रवासी शामिल थे।

## कुचाई में बीईओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक, दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के प्रखंड संसाधन केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड के सभी उत्क्रमित, प्राथमिक एवं नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, शिक्षिकाओं का मासिक गुरु गोष्ठी प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी की अध्यक्षता पर आयोजित की गई। बैठक में बीईओ के द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि प्रयास कार्यक्रम का नियमित संचालन संबंधित प्रतिवेदन, साप्ताहिक मूल्यांकन के तहत की जा रही। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं को बीईओ ने विद्यालय की साफ सफाई बच्चों की गुणवत्ता शिक्षा एवं विद्यालय पर डिसिप्लिन की उपयोग पर विशेष निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीईओ संजय कुमार जोशी, बीपीओ नाथो महतो, लेखापाल कृष्णा महतो, फिजियोथैरेपी आदित्य कुमार सभी बीआरपी सीआरपी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित थे।

## स्काई लार्क होटल में कर्मचारी ने चौथे मंजिल से कूदकर की दी जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** थाना क्षेत्र जुगसलाई अंतर्गत स्टेशन रोड के पास उस समय हड़कंप मच गया जब स्टेशन रोड स्थित होटल स्काई लार्क के चौथे तल्ले से एक कर्मचारी ने छलांग लगा दी । नीचे गिरते साथ कर्मचारी कार्तिक कुमार की मृत्यु हो गई । जानकारी मिलते ही जुगसलाई पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई । जादूगोड़ा निवासी कार्तिक पात्रों स्टेशन रोड स्थित होटल स्काई लार्क में कार्य करता था। शुक्रवार को सभी कर्मचारी जब अपने अपने काम मे व्यस्त थे तभी मौका पाकर कार्तिक होटल के चौथे तल्ले पर गया और वहां से छलांग लगा दी। जानकारी देते हुए होटल के मैनेजर नरेंद्र नाथ दास ने बताया कि सुबह से ही मृतक कार्तिक पात्रों बहुत ज्यादा बेचैन लग रहा था । इस संबंध में परिवार वालों को उनके द्वारा सूचना भी दी गई उसके बाद सभी अपने-अपने काम में लग गए तभी अचानक गिरने की आवाज आई जब जाकर देखा तो कार्तिक पात्रों ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। जुगसलाई थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि 40 वर्षीय कार्तिक पात्रों ने कूदकर आत्महत्या की है आत्महत्या के पीछे कारण पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एमसी मधुकर की पुस्तक 'गृह प्रबंधन शिक्षा' का उड़ीसा के राज्यपाल ने किया लोकार्पण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को एग्रिको सुमन मेमोरियल ट्रस्ट के प्रांगण में एमसी मधुकर के द्वारा रचित पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि उड़िसा के राज्यपाल रघुवर दास के द्वारा निर्मला देवी हेरिटेज सभागार में सम्पन्न हुआ। पुस्तक लोकार्पण के उपरांत एमसी मधुकर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि ये पुस्तक खुशहाली का आधार 'गृह प्रबंधन शिक्षा' की चौथी संस्करण है। इससे पहले के संस्करण को टाटा स्टील भी अपने श्रमिकों के बीच गृह प्रबंधन शिक्षा को लेकर सेमिनार में कई बार रख चुका है, उसे अपने परिवार समाज में अपनाने को कहा गया। पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए विशिष्ट अतिथि प्रमोद मिश्रा ने कहा कि यह पुस्तक 'गृह प्रबंधन शिक्षा' निश्चित तौर पर अत्यंत ही उपयोगी है, क्योंकि जहां महिलाएं कुशल होती हैं वह परिवार खुद ब खुद खुशहाल हो जाता है। हम राज्यपाल से आग्रह करते है कि इसे उड़िसा के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाय। मुख्य अतिथि महामहिम रघुवर दास ने अपने संबोधन मे कहा कि निश्चित तौर पर मुधकर जी के द्वारा रचित यह पुस्तक समाज के लिए उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य नूतन झा ने किया, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में सूर्य मन्दिर समिति के अध्यक्ष श्री भुपेन्दर सिंह एवं सम्मानित अतिथि के रुप में श्री शंकर पाठक एवं काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, धन्यवाद ज्ञापन श्री गोविन्द पाठक ने किया।

## वेंकटचलम एच बने टाटा एआईए लाइफ के सीईओ व एमडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने वेंकटचलम एच को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आईआरडीएआई से नियामक अनुमोदन के अधीन है। वेंकटचलम एच वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नवीन ताहिलयानी का स्थान लेंगे, जो टाटा समूह में एक दूसरा पद संभालेंगे और उन्हें टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है। वेंकटचलम एच को सभी प्यार से वेंकी कहते हैं। जीवन बीमा, संपत्ति प्रबंधन और कस्टोडियल सेवाओं में 27 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ वेंकी ने बिक्री और वितरण, रणनीति, व्यवसाय और प्रक्रिया विकास और मुख्य खाता प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल है। वह 2016 में टाटा एआईए में शामिल हुए और इसके पहले अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी थे। वेंकी ने मार्केटिंग, स्ट्रैटेजी, विश्लेषण और प्रत्यक्ष डिजिटल व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में भी कई पहलों का नेतृत्व किया है।

संपादकीया

# लोकतंत्र की हत्या का चुनाव

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव में धांधलेबाजी पर देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की टिप्पणी सामने आई है कि यह लोकतंत्र के साथ भद्दा मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। निर्वाचन अधिकारी पर मुकदमा चलाकर सजा दी जानी चाहिए। यह साफ देखा जा सकता है कि निर्वाचन अधिकारी मतपत्रों को 'विकृत' कर रहे हैं। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? हम यह देखकर हैरान हैं।' जस्टिस चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी पराकाष्ठा की है। अलबत्ता वह बेहद संयम के साथ अपनी प्रतिक्रिया देते रहे हैं। इस प्रकरण में सवाल और संदेह तत्कालीन राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय और चुनाव आयोग की भूमिकाओं पर भी हैं। पुरोहित ने राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर इस कलंक से बचने का प्रयास किया है। उच्च न्यायालय इस मामले में 'अंतरिम आदेश' दे सकता था। उसमें वह असफल रहा। यह टिप्पणी भी प्रधान न्यायाधीश की है। चुनाव आयोग की बुनियादी जिम्मेदारी ही देश भर में निष्पक्ष चुनाव कराने की है। उसकी क्षमताओं और चुनाव प्रबंधन का डंका विश्व भर में बजता रहा है। कई देश हमारे चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए आमंत्रित भी करते रहे हैं, लेकिन एक मेयर के चुनाव में ऐसी कलंकित धांधलेबाजी सामने आई है। खुद चुनाव आयोग ने त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की? आखिर सर्वोच्च अदालत तक याचिका देने की नौबत ही क्यों आई? बहरहाल अब मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है, तो संभव है कि चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर का चुनाव दोबारा कराया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार के पास मेयर चुनाव से जुड़े तमाम दस्तावेज जमा कराने के आदेश दिए हैं। मतपत्र-वीडियोग्राफी सुरक्षित रखने का आदेश देते हुए कहा है कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया का वीडियो पेश किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि चंडीगढ़ नगर निगम में 'आप' और कांग्रेस के 20 पार्षद हैं और भाजपा के 16 पार्षद हैं। हमने दो टीवी चैनलों पर उस मौलिक, असंपादित फुटेज का प्रसारण देखा है, जिसमें निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह मतपत्रों पर हस्ताक्षर भी कर रहे हैं, लेकिन कुछ मतपत्रों पर दाहिनी तरफ पेन से कुछ निशान भी बना रहे हैं। उन आठ मतपत्रों को ही बाद में 'अवैध' करार दिया गया, नतीजतन भाजपा का मेयर बहुमत न होने के बावजूद 'विजेता' घोषित कर दिया गया। 'आप'-कांग्रेस के 40 फीसदी वोट एकसाथ ही अवैध करार दिए गए, यह अभूतपूर्व, आश्चर्यजनक निर्वाचन रहा। वैसे 2016 में हरियाणा में राज्यसभा चुनाव थे। उसमें विपक्ष के 12 वोट अवैध करार दिए गए, क्योंकि उन पर अलग पेन और स्याही का इस्तेमाल किया गया था। यह लोकतंत्र की बदकिस्मती है कि अब भी ऐसी बेशर्म धांधलियां की जा रही हैं। बहरहाल चैनलों पर दिखाए गए फुटेज में निर्वाचन अधिकारी बार-बार सीसीटीवी कैमरे की ओर देख रहे हैं। अदालत ने भी संशय व्यक्त किया है कि निर्वाचन अधिकारी कैमरे की ओर बार-बार क्यों देख रहे हैं? वह भगोड़े की तरह क्यों भाग रहे हैं? अब उन पर सुप्रीम अदालत की निगाह है। दरअसल चुनाव में यह धांधली एक पूरा षड्यंत्र लगता है, क्योंकि सदन में कुछ ऐसे चेहरे भी दिखाई दे रहे हैं, जो कैमरे की दिशा बदलने के संकेत कर रहे हैं। कुछ गालियां भी दे रहे हैं। अनिल मसीह चंडीगढ़ भाजपा के एक प्रकोष्ठ में महासचिव रहे हैं। सवाल तो यही है कि उन्हें यह दायित्व क्यों सौंपा गया।

चुनाव आयोग की बुनियादी जिम्मेदारी ही देश भर में निष्पक्ष चुनाव कराने की है। उसकी क्षमताओं और चुनाव प्रबंधन का डंका विश्व भर में बजता रहा है। कई देश हमारे चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए आमंत्रित भी करते रहे हैं, लेकिन एक मेयर के चुनाव में ऐसी कलंकित धांधलेबाजी सामने आई है। खुद चुनाव आयोग ने त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की? आखिर सर्वोच्च अदालत तक याचिका देने की नौबत ही क्यों आई? बहरहाल अब मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है, तो संभव है कि चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर का चुनाव दोबारा कराया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार के पास मेयर चुनाव से जुड़े तमाम दस्तावेज जमा कराने के आदेश दिए हैं। मतपत्र-वीडियोग्राफी सुरक्षित रखने का आदेश देते हुए कहा है कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया का वीडियो पेश किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि चंडीगढ़ नगर निगम में 'आप' और कांग्रेस के 20 पार्षद हैं और भाजपा के 16 पार्षद हैं। हमने दो टीवी चैनलों पर उस मौलिक, असंपादित फुटेज का प्रसारण देखा है, जिसमें निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह मतपत्रों पर हस्ताक्षर भी कर रहे हैं, लेकिन कुछ मतपत्रों पर दाहिनी तरफ पेन से कुछ निशान भी बना रहे हैं। उन आठ मतपत्रों को ही बाद में 'अवैध' करार दिया गया, नतीजतन भाजपा का मेयर बहुमत न होने के बावजूद 'विजेता' घोषित कर दिया गया।

विधि आयोग की सिफारिशों में इस बात पर जोर दिया गया है कि लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए छुट्टियों के दिनों में कटौती की जानी चाहिए

# न्याय प्रणाली में सुधार कैसे हो?

डा. वरिंदर भाटिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि न्याय प्रदान करने वाली कानूनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने की जरूरत है। वैसे तो हमारी न्याय प्रणाली दुनिया के अनेक देशों से बेहतर है, फिर भी इसमें रचनात्मक सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। भारत की न्याय प्रणाली विश्व की सबसे पुरानी प्रणालियों में से एक है, जो अंग्रेजों ने औपनिवेशिक शासन के दौरान बनाई थी। देश में कई स्तर की अदालतें मिलकर न्यायपालिका बनाती हैं। भारत की शीर्ष अदालत नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय है और उसके तहत विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालय हैं। उच्च न्यायालयों के मातहत जिला अदालतें और उनकी अधीनस्थ अदालतें हैं जिन्हें निचली अदालतें कहा जाता है। इनके अलावा ट्रिब्यूनल, फास्ट ट्रैक कोर्ट, लोक अदालतें आदि मिलकर न्यायपालिका की रचना करते हैं। भारत में संविधान निर्माताओं ने शासन के तीनों अंगों...विधानपालिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका को एक समान शक्तियां दी हैं। एक समान शक्तियां प्राप्त होने के बावजूद न्यायपालिका (सर्वोच्च न्यायालय) को ही संविधान का संरक्षक कहा गया है। न्याय की बात जहां आती है, वहां कुछ बड़ी सैद्धांतिक बातें सामने आने लगती हैं। मसलन न्याय में विलंब अन्याय है, वादकारी का हित सर्वोच्च है, इत्यादि, पर जब व्यवहार में हम देखते हैं तो ठीक इसके विपरीत नजर आता है। प्रक्रियात्मक खामियों के अलावा सिस्टम में व्याप्त कदाचार, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के साथ कुटिलता से किसी मामले को अनंत काल तक लटकाए रखने एवं न्याय में विलंब होने और 'तारीख पर तारीख' की त्रासदी सामने आती है। बॉलीवुड स्टार सन्नी दियोल का मशहूर फिल्मी डायलॉग 'तारीख पर तारीख' अब रोजमर्रा की भाषा का हिस्सा बन गया है। यह कटु सत्य है कि न्याय प्रणाली की कुछ कमियों के चलते अनेक वादकारियों को प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के कारण कई बार न तो समय से न्याय मिल पा रहा है, न ही उनकी पीड़ा का कोई तारणहार है। वे न्याय प्रणाली के अंतिम पायदान पर असहाय पड़े रहने के लिए अभिशप्त हैं। यही कारण है कि समाज में मौके पर ही न्याय की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और आए दिन देश के किसी न किसी हिस्से में घटित हो रही है। इसे




क्या न्याय की संज्ञा नहीं दी जा सकती है? तारीख पर तारीख के कई कारण विदित हैं, जैसे कि बार (वकील) और बेंच (अदालतें) न्यायिक प्रक्रिया के मूल आधार हैं। अदालतों में मुकदमों का अंबार लगने का सबसे बड़ा कारण है धीमी सुनवाई। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की तुलना में निचली और जिला अदालतों की हालत ज्यादा खराब है। मुकदमों की शुरुआत यहीं से होती है और जिस मात्रा में मुकदमे दायर होते हैं, उस अनुपात में निपटारा नहीं होता। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय कई बार समयबद्ध सुनवाई करने का आदेश देते भी हैं, लेकिन जजों की कमी भी सुनवाई को प्रभावित करती है। पुलिस के पास साक्ष्यों के वैज्ञानिक संग्रहण हेतु प्रशिक्षण का अभाव है। इसके अतिरिक्त कुछ अधिकारी प्रायः अपने कर्त्तव्यों को पूरा करने में विफल रहते हैं जिससे सुनवाई में अत्यधिक विलंब हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति पर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच गतिरोध भी बना रहता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय करने का काम अभी भी अधर में ही लटका हुआ है। रूल ऑफ लॉ इंडेक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रशासनिक एजेंसियां बेहतर प्रदर्शन नहीं करती और न्यायिक प्रणाली की गति बहुत धीमी है। इसकी मुख्य वजह अदालत में मामलों की बेतहाशा बढ़ती संख्या और कार्यवाही में होने वाली देरी है। वैसे तो सुप्रीम कोर्ट हो या हाईकोर्ट, प्रति व्यक्ति न्यायाधीशों की संख्या अत्यंत सीमित होने के कारण मुकदमों के निस्तारण में विलंब होता है, पर निचली अदालत में वादकारियों को न्याय मिलने में अत्यंत पीड़ादायक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और वे प्रणालीगत उत्पीडन के शिकार बनकर रह जाते हैं। उनका इतना अधिक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक शोषण होता है कि आम तौर पर लोग पुलिस, अदालत जाने के नाम से ही घबराने लगते हैं। साथ ही कुछ लोगों में कानून अपने हाथ में लेने की प्रवृत्ति बढने लगती है। अनेक लोगों का सत्र न्यायालय में या निचली अदालतों में यह अनुभव बड़ा ही कड़वा और पीड़ादायक होता है। यहां पर प्रधानमंत्री जी की इच्छा अनुसार न्याय प्रणाली को अनुकूल बनाने की कवायद और भी जरूरी लगती है। न्याय प्रणाली को लचीला और अनुकूल बनाने की दिशा में इस समय आईटी सेक्टर प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की वजह से न्यायिक प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। सूचना प्रौद्योगिकी ने न्यायिक प्रणाली को आसान कर दिया है। आम लोगों के लिए न्यायिक प्रणाली अब सुलभ हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी ने सिस्टम को आम लोगों के लिए बहुत आसान बना दिया है। ऑनलाइन सिस्टम से काम करने में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आज हम लगभग सभी निर्णयों तक पहुंच सकते हैं, जो हमारे लिए और आभासी प्रणाली के साथ उपलब्ध हैं। इस समय कानूनी प्रक्रिया में क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग करने की आवश्यकता है। यदि हम न्याय तक पहुंच की बात करते हैं, तो अंततः प्रचलित भाषा को किसी अन्य भाषा का स्थान लेना होगा। न्यायिक सुधारों को लेकर विधि आयोग ने कई सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपी हैं, जिनमें कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, लेकिन इस दिशा में कोई गंभीर पहल अब तक नहीं हो पाई है। विधि आयोग ने अपनी हर सिफारिश में न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की कमी को पूरा करने का सुझाव दिया है। आज न्यायपालिका के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है अदालतों में मुकदमों के बोझ को कम करना। यह तभी संभव होगा जब न्यायालयों में कार्य अवधि की सीमा बढ़ेगी। जिन राज्यों में मुकदमों का बोझ अधिक है, वहां विशेष अदालतें गठित करने का भी सुझाव दिया गया है। उच्च न्यायालय का विकेंद्रीकरण, यानी सभी राज्यों में इसकी खंडपीठ का गठन किया जाए, ताकि मुकदमों के निस्तारण में तेजी आए। विधि आयोग की सिफारिशों में इस बात पर जोर दिया गया है कि लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए छुट्टियों के दिनों में कटौती की जानी चाहिए।

भारत की न्याय प्रणाली विश्व की सबसे पुरानी प्रणालियों में से एक है, जो अंग्रेजों ने औपनिवेशिक शासन के दौरान बनाई थी। देश में कई स्तर की अदालतें मिलकर न्यायपालिका बनाती हैं। भारत की शीर्ष अदालत नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय है और उसके तहत विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालय हैं। उच्च न्यायालयों के मातहत जिला अदालतें और उनकी अधीनस्थ अदालतें हैं जिन्हें निचली अदालतें कहा जाता है।

दृष्टि कोण

# साइबर सुरक्षा : चुनौतियां और समाधान

**21वीं** सदी को हम सूचना और क्रांति के युग (इनफार्मेशन एज) से जानते हैं। सूचना और क्रांति से मानव जीवन के हर एक पहलू में बदलाव आया है। मुख्य रूप से संचार के नए-नए साधनों ने पूरे विश्व को ही एक ग्लोबल विलेज बना दिया है। इंटरनेट के माध्यम से विभिन नेटवर्किंग साइट्स जैसे व्हाट्स एप्प, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ईमेल इत्यादि ने मीलों की दूरियों को खत्म कर दिया है, लेकिन जिस तरह से हम पिछले एक दशक में सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में आगे बढ़ रहे हैं, उतनी ही तेजी से साइबर क्राइम में भी वृद्धि हुई है। साइबर हमलों से भारत भी अछूता नहीं रहा है। भारत में हमें साइबर क्राइम का सबसे खतरनाक रूप कोरोना महामारी के दौरान देखने को मिला। 2020-21 में जहां भारत देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था, तो दूसरी ओर साइबर अटैक्स से। एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना महामारी के समय एशिया महाद्वीप में जापान के बाद सबसे ज्यादा साइबर अटैक्स झेलने पड़े। ये साइबर अटैक्स सबसे ज्यादा वित्तीय, बीमा और उन संस्थाओं पर किए गए जो महामारी में लोगों को एसेंशियल सर्विस प्रोवाइडर का काम कर रही थीं। अभी हाल में ही एक अमरीकी कंपनी ने दावा किया है कि भारतीयों का डाटा डार्क वेब पर उपलब्ध है, जो कि वास्तव में ही एक गंभीर और सोचनीय विषय है। अपराधी



इस डाटा, जिसमें पब्लिक के फोन नंबर से लेकर आधार तक की जानकारी शामिल है, को गलत तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। अभी पिछले महीने ही दिल्ली पुलिस ने डार्क वेब पर भारतीय नागरिकों का डाटा बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया था। भारत में स्मार्टफोन आने से एक बहुत बड़ा वर्ग इंटरनेट से जुड़ गया है। वर्तमान में भारत की आधी से ज्यादा आबादी इंटरनेट से जुड़ी हुई है। आज हम देखते हैं कि एक गरीब से गरीब आदमी भी स्मार्टफोन यूज करता है। इंटरनेट ने लोगों के बीच सूचना प्रसार में एक महत्वपूर्ण क्रांति लाकर डिजिटल डिवीजन को खत्म करने का काम किया है। इसके अलावा सरकारों को भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार और प्रसार करने में आसानी हुई है। इसके अतिरिक्त सिटीजन जर्नलिज्म व डायरेक्ट मनी ट्रांसफर जैसी चीजें भी इंटरनेट से ही संभव हो पाई हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में चीन के बाद सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स हैं। लगभग 1.05 बिलियन यूजर्स के साथ चीन वैश्विक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के मामले में सबसे आगे है। चीन में लगभग 4 में से 3 लोग (74.36 फीसदी) इंटरनेट का उपयोग करते हैं। भारत वर्तमान में इंटरनेट का उपयोग करने वाली अपनी आधी आबादी (49.15 फीसदी) के साथ दूसरे स्थान पर है। यानी करीब-करीब भारत में 692 मिलियन लोग इंटरनेट का यूज करते हैं, जोकि एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2025 तक यह संख्या बढक़र 900 मिलियन होने की उम्मीद है। लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव एवं डिजिटल अज्ञानता के कारण हम देखते हैं कि भारत के आम लोग साइबर ठगी का शिकार बन रहे हैं। भारत की कुल अर्थव्यवस्था का 14 से 15 प्रतिशत डिजिटल इकॉनमी से संचालित होता है। लोग भी अब लेन-देन के लिए फोन-पे, गूगल-पे आदि का प्रयोग करते हैं। इस दृष्टि से भी साइबर सिक्योरिटी अर्थव्यवस्था का एक अहम बिंदु है। पिछले कुछ वर्षों में साइबर ठगी के अलग-अलग प्रकार हमें देखने को मिले हैं। प्रायः हर रोज अखबार पलटते हुए कोई न कोई खबर साइबर ठगी की मिल ही जाती है। गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्यों के साथ-साथ 19 मेट्रो शहरों में साइबर अपराध के मामलों में तेज वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट बताती है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर अपराधों में 24.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। साइबर अपराध के कारण महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध में भी लगातार इजाफा हो रहा है। पोर्नोग्राफी के वीडियो बनाकर अपलोड करना, अश्लील चैट, अवांछित एसएमएस, सेक्स-टोर्सन इत्यादि मामले शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही अपने खिलाफ हुए साइबर अपराध की शिकायत की थी। वहीं साइबर अपराध से पीड़ित 46.7 फीसदी महिलाओं ने किसी भी तरह की कोई शिकायत दर्ज न कार्रवाई व 18.3 प्रतिशत महिलाओं को तो इस बात का अंदाजा ही नहीं था कि वे साइबर अपराध का शिकार हो रही हैं। साइबर अपराध से संबंधित शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर की जा सकती है। यदि किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की साइबर अपराध घटना होती है तो 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। केंद्र में मोदी सरकार ने भी साइबर सिक्योरिटी को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सुरक्षित भारत पहल जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। साइबर सिक्योरिटी के गंभीर खतरों को देखते हुए जरूरत है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा डिजिटल रूप से साक्षर बनाया जाए।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रामगढ़ महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय में सेवानिर्वीत प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद अनके सम्मान में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रामगढ़ महाविद्यालय परिवार अर्थात शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा सामुहिक रूप में समारोह अयोजित कर डॉ रेखा प्रसाद को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता वर्तमान प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने किया और संचालन डॉ अनामिका ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ शाहनवाज खान ने किया। डॉ रत्ना पांडेय ने अपने वक्तव्य में डॉ रेखा प्रसाद के अच्छे व्यवहारों और आदर्शों को प्रस्तुत किया। अन्य वक्ताओं ने भी उनके साथ बिताया पलों का अनुभव साझा करते हुए उनकी विशेषता और अच्छाइयों पर प्रकाश डाला। डॉ रेखा प्रसाद ने भावुक होते हुए बीते पलों को याद किया और इस सम्मान के लिए महाविद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा सामुहिक और व्यक्तिगत रूप में उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर डॉ सी टी एन, डॉ रणविजय प्रसाद देव, डॉ बक्शी ओम प्रकाश, डॉ सतीश सिंह, डॉ आर के उपाध्याय, डॉ प्रीति कमल, डॉ रोज उरांव, डॉ कामना रॉय, डॉ अनामिका, डॉ राहुल गुप्ता, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ मालिनी डीन, डॉ असीम खालको, डॉ शालिनी प्रकाश, डॉ विजेता तिग्गा, डॉ बलवंती मिंज, डॉ नीतू मिंज, डॉ शाहनवाज खान, प्रो. बीरबल महतो, प्रो मोहित जैन, प्रो साजिद हुसैन, प्रो गोपाल कुमार, प्रो प्रेम चंद महतो,जितेंद्र कुमार राणा, किसून महतो, बासुदेव प्रसाद, उज्वल रॉय, आई एन झा, अजीता किंडो, सरजू महतो, दामोदर महतो, वीरेंद्र उरांव, योगेंद्र राम, सुरेश महतो, दसरथ महतो, इन्द्रमनी सिंह, भुनेश्वर राम, मनोज कुमार, चंदन कुमार, राकेश रौशन, शिवआनंद, विष्णु उरांव, लखी चरण, आनंद शारदेय, बबिता कुमारी, पुष्पा तिर्की, दीपाश्री, अनीता कुमारी, पंचम महतो, प्रदीप अरण्य, गौरव प्रधान, मो उस्मान, शैलेश कुमार, विजय कुमार, कुंवर महतो, विनोद कुमार, सुमंत महली, दीपक, शशि राजू,आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की चैंबर ने एसपी से की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल, चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के अध्यक्षता में एक बैठक रामगढ़ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे जी के साथ हुई। जिसमें शहर में आए दिनों चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं के रोक के लिए गंभीरतापूर्वक विचार किया गया इस पर श्री पांडे जी ने कहा कि हम शहर की हर गली में पेट्रोलिंग की व्यवस्था को बढ़ाएंगे तथा सभी चिन्हित अपराधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने यह आश्वासन भी दिया की हाल ही में चट्टी बाजार स्थित नेहरू रोड में पिलानिया जी के यहां के यहां हुई चोरी का बहुत जल्द ही उद्भेदन कर लिया जाएगा साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था पर एवं शहर में घूमते आवारा पशुओं पर लगाम लगाने के संबंध में बात हुई जिस पर पुलिस अधीक्षक का रूख सकारात्मक रहा शहर के सुभाष चौक पर प्रतिदिन होने वाली हेलमेट की चेकिंग पर श्री पांडे जी ने बताया कि जल्द ही स्वयं चालित कैमरा की मदद से जुर्माना की व्यवस्था की जाएगी एवं पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग को बंद किया कर दिया जाएगा। आज की बैठक में चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह ,उपाध्यक्ष मंजीत सहानी, सचिव मानु चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सैनी एवं कार्यकारिणी सदस्य मुरारी लाल अग्रवाल उपस्थित थे।

## भदानीनगर देवरिया रेलवे ट्रैक में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले भदानीनगर के देवरिया रेलवे ट्रैक में ट्रेन की चपेटे में आने से आज सुबह एक व्यक्ति की मौत। जानकारी अनुसार आनंद महली पिता भुनेश्वर माहली उम्र 30 वर्ष ग्राम देवरिया निवासी जो आज सुबह 113/41 पोल संख्या के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे जिस बीच ट्रेन हादसे का शिकार हो गए। हालांकि शव देखकर लोगों द्वारा मौत का कारण पूरी तरह से पता नहीं किया जा सका है। लेकिन पुलिस इसे हादसा और हत्या दोनों पहलुओं से देख रही है। घटनास्थल पर रेलवे पुलिस भी पहुंची और भदानीनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा।

## कोल इंडिया सहित देश व्यापी हड़ताल को लेकर बिरसा में संयुक्त मोर्चा ने बैठक की

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के बिरसा परियोजना स्थित शुक्रवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की बैठक हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता लालो महतो ने किया। वहीं 16 फरवरी को कोल इंडिया सहित देश व्यापी व औद्योगिक हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा बैठक की गई। संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने एक स्वर? में कहा कि कोयला उद्योग को निजी मालिकों को देने का प्रयास एवं कोयला उद्योग को एमडीओ व रेवेन्यू शेयरिंग के माध्यम से बेचा जा रहा है। केन्द्र सरकार कोयला मजदूरों पर लगातार हमला करती आ रही है। कोयला मजदूरों का पेंशन बढ़ोतरी ना कर बल्कि सीएमपीएफ में घोटाला कर मजदूरों का हक मारा जा रहा है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर चर्चा किया गया। वहीं इस बैठक के संयोजक बिधांचल बेदिया, राम नरेश सिंह, बासुदेव साव, संजय शर्मा, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, अशोक गुप्ता, रामाकांत दूबे, इन्द्रदेव राम,डा जीआर भगत, भोला प्रसाद, अशोक वशिष्ठ, शंकर कुमार, रविन्द्र विश्वकर्मा, महेश गिरी, महाबीर प्रसाद, जगरनाथ पासवान, सुरेश प्रसाद सिन्हा, आजाद भुइयां, अमित कुमार, हरेन्द्र कुमार सिंह, रामचंद्र नोनिया,जोहरण करमाली, सुरेश प्रसाद आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा संयोजक ने अरगड्डा के पत्रकारों को भी लाभ देने की मांग रखी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के अरगड्डा क्षेत्र में सिरका-अरगड्डा के पत्रकारों के साथ भेदभाव और मिलने वाले सीएसआर, वेलफेयर आदि लाभो की आवाज उठने का सिलसिला लगातार जारी हैं। शुक्रवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के संयोजक सुशील कुमार सिन्हा ने अपनी प्रतिक्रिया साफ शब्दों में व्यक्त की हैं। उन्होंने कहां है कि सीसीएल क्षेत्र में जिस प्रकार कार्यरत स्कूल शिक्षक, पोस्ट ऑफिस, बैंक कर्मियों व आम अन्य सामाजिक कामगारों को आवास प्रबंधन द्वारा सुविधा मुहैया कराती हैं, इसी प्रकार प्रबंधन की जिम्मेदारी हैं कि पत्रकारों को भी आवास एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए। क्योंकि कोयला कर्मियों, अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं तमाम क्षेत्र के बातों को पत्रकार उजागर करने का कार्य करते हैं। जिससे हम सभी को समाचार पत्रों, विजुअल मीडिया के माध्यम से खबरें देखने, सुनने और पढ़ने को मिलती हैं। इससे क्षेत्र में बौद्धिक विकास सभी में होता हैं। पत्रकारों के साथ भेदभाव देश व समाज हित के लिए बिल्कुल नींदनीय नहीं हैं, हम सभी को साथ मिलकर देश के कंपनी सर्वांगीण विकास के लिए साथ आगे चलना हैं। मांग किया कि अरगड्डा क्षेत्र के विकास के लिए पत्रकारों को आधुनिक युग में सुविधा देनी होगी, जिसके तहत आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि शामिल है। इसके लिए प्रबंधन सकारात्मक पहल करें जिससे परस्पर सामजस्य बन पाए।




## ट्राई ब्रेकर में मुंडा क्लब सिकिदिरी ने एमपीआई सिरका को 1-0 से हराया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा- सिरका श्रमिक स्टेडियम के मैदान में एसएमपीएल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुक्रवार को अंतिम ग्रुप डी का मैच खेला गया। जिसमें पहले मैच में ट्राई बेकार से मुंडा क्लब सीकीदीरी द्वारा एमपीआई सिरका को एक- जीरो से पराजित किया गया। जबकि दूसरे मैच में लपंगा की टीम 3-0 से रीमिक्स 11 को हराया। क्वार्टर फाइनल मैच में लपंगा फुटबॉल क्लब के द्वारा अंतिम समय में एक गोल कर मुंडा क्लब सीकीदीरी को हरा सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित किया। बताया गया कि सेमीफाइनल मैच फैसला फुटबॉल क्लब बनाम प्रिंस क्लब खिलाड़ी के बीच खेला जाएगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल और मांझी ब्रांड जंगल बनाम लपंगा फुटबॉल क्लब के बीच खेला जाएगा। मौके पर खेल आयोजन समिति के अजय कुमार, लालजीत पासवान, मनोज सिंह, विजय राम समेत कई उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### चतरा जिला के कई पुलिस पदाधिकारियों का हुआ तबादला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के कई सब इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी का तबादला हो गया है। जिनमें पिपरवार के थाना प्रभारी सिमरिया के थाना प्रभारी सहित कई अन्य शामिल है। कुन्दा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह का तबादला देवघर में, सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार का तबादला, सरायकेला में, गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर का साहिबगंज में पोस्टिंग, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार का रांची में पोस्टिंग, सब इंस्पेक्टर सोनिया सोय का कोडरमा में पोस्टिंग, रामदेव वर्मा का गोड्डा, परमानंद कुमार मेहरा का बोकारो, गायत्री कुमारी का साहिबगंज समेत झारखंड के 2703 सब इंस्पेक्टर का एक साथ तबादला हुआ है।

### राकेश सहाय ने 26 वां अंचला अधिकारी के रूप में लिया प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड में नए अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने शुक्रवार को प्रभार लिए। जो गिद्धौर प्रखंड के 26 वां अंचला अधिकारी के रूप में योगदान दिया है। वर्तमान प्रभारी अंचला अधिकारी हरिनाथ महतो के द्वारा प्रभार दिया गया। राकेश सहाय लातेहार जिला के बरवाडीह अंचल से गिद्धौर अंचल आए हैं। पदभार ग्रहण के पश्चात उपस्थित लोगों से परिचय जाने क्षेत्र के बारे में एक दूसरे से चर्चा करते हुए बातें किया। उन्होंने कहा कार्य में तेजी लाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अंचल में विकास का कार्य तेजी से होगा। मौके पर कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह पप्पू कुमार यादव नाजीर रामदेव ठाकुर बड़ा बाबू मनोज कुमार मिश्रा शांति कश्यप उपस्थित अंचल कर्मी भी थे।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 का होगा भव्य आयोजन

# उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे इटखोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 की तैयारियों का जायजा लेने आज उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन इटखोरी पहुंचे। उन्होने निरीक्षण के क्रम में विभिन्न विभागों को महोत्सव को सफल बनाने हेतु दिये गए निर्देश का कार्य प्रगति का जानकारी लिया। साथ ही मंदिर परिसर, कार्यक्रम स्थल समेत अन्य सभी स्थलों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी को ससमय कार्य को पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि 19, 20 एवं 21 फरवरी 2024 को प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भव्य रूप से महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। आगे उन्होने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार चम्पाई सोरेन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था की भी तैयारी पूरी तरह पूर्ण कर लिया जाय। राज्य स्तरीय महोत्सव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक रूप से तैयारियों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। तीन दिवसीय महोत्सव में देश के जाने-माने कलाकार बंधेंगे समा।19 फरवरी 2024 को श्री विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय इटखोरी, मुकुन्द नायक एवं ग्रुप, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप, मैथिली ठाकुर एवं ग्रुप, रोहित आर.के एवं ग्रुप।20 फरवरी 2024 को सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, शालीनी दुबे एवं ग्रुप, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह, रजत आनन्द एवं ग्रुप, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, बिनोद राठौर एवं ग्रुप।21 फरवरी 2024 को बीएसएफ हजारीबाग, मृणालिनी अखौरी, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पुजा चटर्जी एवं ग्रुप, शब्बीर कुमार एवं ग्रुप, राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 का समापन भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।इन कलाकारों के अलावे और जाने माने कलाकार भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते है। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 52 महिलाएं का एएनसी का हुआ जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत52महिलाओं का एएनसी जांच शुक्रवार को किया गया।यह जांच प्रसव पूर्व किया जाता है। जांच कर रही अनीशा चेन्नई,रिंकू कुमारी,बिमला देवी, नीलू कुमारी सभी स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम व नर्स ने उपस्थित महिलाओं का जांच बारी-बारी से किया गया। जांच में हिमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, वजन, एचआईवी सभी तरह की निशुल्क जांच किया गया। एवं निशुल्क दवाई दी गई।जांच करवा रही महिलाओं का नाश्ता का भी प्रबंध हॉस्पिटल से करवाया गया। मौके पर उपस्थित अनिल कुमार दांगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी संतोष कुमार विजय कुमार अनिल कुमार दांगी खीरु यादव एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## मझगवां के बूथों पर बीडीओ ने किया स्वीप के तहत लोगों को जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के ब्रह्मपुर, तरी, घटेरी गांव के बूथ पर बीडीओ राहुल देव के नेतृत्व में स्विप कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक करने पहुंचे। जहां मतदाताओं को ईवीएम मशीन वीवीपैट से संबंधित जानकारी मतदाताओं को दिया गया। बताया गया कि ईवीएम मशीन वीवीपैट से होने वाली मतदाता मतदान की प्रक्रिया को जानकारी दी जा रही है। मौके पर जीपीएस दिगंबर पांडेय बीएलओ सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## प्रतापपुर थाना पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय के रीडर पद पर पदथापित सुकन पासवान की नक्सली हमले में मौत, प्रखंड वासियो में शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** पुलिस निरीक्षक कार्यालय में रीडर के पद पर पदस्थापित जवान सुकन पासवान की मौत बीते बुधवार संध्या नक्सली हमले में हो गया । सुकन पासवान की नक्सली हमले मे हुये मौत पर प्रतापपुर वासियो एवं पुलिस कर्मियो में शोक व्याप्त है ।नक्सली हमले मे शहीद सुकन पासवान प्रतापपुर मे वर्ष 2017-18 से पुलिस निरीक्षक कार्यालय मे रीडर के पद पर कार्यरत थे तथा वे कार्यालय के कार्यो को बेखूबी व निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे थे। तीन माह पूर्व परमोशन को लेकर विभागीय प्रशिक्षण हजारीबाग में ले रहे थे। बीते प्रदेश के सीएम हेमन्त सोरेन का रांची मे ईडी को लेकर पुच्छताछ के दौरान शांति बहाल को लेकर विभाग के द्वारा ड्यूटी लगाया गया था।इसके बाद फरवरी माह 2024 की शुरूआत मे जोरी थाना में डयूटी को लेकर आये थे। इसी दौरान अफिम विनि्ष्ट करने को लेकर बीते बुधवार को गंभरियातरी जंगल मे जवानो के साथ गये थे।जहां उनका नक्सलियो के द्वारा हमले मे मौत हो गया। इस घटने से प्रतापपुर वासी काफी दुखी है।क्योंकि शहीद सुकन पासवान एक सीधे साधे व शांत स्वभाव के व्यक्ति थे।वे अपने पुलिस निरीक्षक कार्यालय के काम निपटारा करने के बाद घूमने निकलते थे।


## आखिर ये कैसी शिक्षा व्यवस्था है, समय से पूर्व विद्यालय से गायब हो जाते हैं शिक्षक

➲बच्चों को विद्यालय व शिक्षक का नाम तक नहीं है मालूम,ये कैसी शिक्षा

➲बच्चों के थाली से अंडा व फल गायब, विद्यालय सचिव की कट रही है चाँदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** एक तरफ जहाँ सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाखों करोड़ों खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी ओर विद्यालय के शिक्षक ही इस सपने को चकनाचूर कर रहे हैं।गाँव की बच्चे की बेहतर शिक्षा गाँव मे हीं मिले इसे लेकर सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।लेकीन इसी सपने को चकनाचूर व शिक्षा व्यवस्था को ईन विद्यालयो के



शिक्षक ही चौपट कर रहे हैं।दरअसल प्रखंड के एनपीएस कोजरम,यूपीएस खुशियाला,यूपीएस बल्ही में शिक्षक की घोर लापरवाही देखी गई।यहां के शिक्षक सरकारी मापदंड को ताक पर रख विद्यालय का संचालन कर रहे हैं, यहाँ तक की बच्चों को विद्यालय व शिक्षक का नाम तक मालूम नहीं है जबकी मेन्यू के आधार पर बच्चों को दी जाने वाली थाली से अंडा व फल गायब हैं। अब ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परिकल्पना कैसे कर सकते हैं अब ऐसी शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता पूर्ण कहे या कुछ और आप ही बताएं?वही यूपीएस बल्ही की शिक्षक समय से पूर्व विद्यालय में ताला लगाकर नदारद थे।यानी कहे तो सरकार से वेतनमान के रूप में गुरू जी मौज का वेतन उठा रहें हैं।अब शिक्षा की गुणवत्ता की क्या बात की जाय। जहाँ बच्चों को न विद्यालय व शिक्षक का नाम तक मालूम न हो। वैसे शिक्षक पर शिक्षा विभाग क्या कुछ कार्रवाई करती है जो बच्चे के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।पढ़ने वाले बच्चे ने बताया कि यहां के मास्टर साहब महीना में पांच दिन ही स्कूल खोलते हैं यहाँ महीनों से मध्याहन भोजन बन्द है। ग्रमीणों ने बताया कि अगर यहां गुणवत्तापूर्ण पढाई होती तो बच्चो को किस लिए बाहर भेजते। अब देखना होगा की विभाग लापरवाह शिक्षक पर कार्रवाई करती है या सिर्फ कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करती है। वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया की आपलोग सहयोग करिए, खबर मत बनाइए, सीआरपी से बात कर जानकारी लेते हैं।

## पंचायत भवन परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत सिमरिया प्रखंड के आठ पंचायतो का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जन जागरण केंद्र हजारीबाग के द्वारा पंचायत भवन बानासाड़ी,डाड़ी, जबड़ा एवं इचाक में संयुक्त रूप से विधिवत् दीप प्रज्वलित कर किया गया। मालूम हो कि हर घर नल से जल पहुंचाने को लेकर जनप्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू हो गया है जिसमें लोगों को बताया गया कि हर घर नल जल योजना का उद्देश्य सभी लोगों को स्वच्छ जल (पीने का पानी) को पहुंचाना है। तथा उसके बूंद- बूंद को कैसे



संजोकर लोगों के घरों तक पहुंचाया जाए इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि 2024 के अंत तक सभी घरों को नल जल योजना से जोड़ा जाना है, जिससे सभी लोगों को स्वच्छ जल पहुंचाया जा सके। ज्ञात हो कि भारत में कई ऐसे लोग हैं जो हर दिन स्वच्छ जल न पीने के कारण बीमार हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के इस मौके पर मुखिया जी,पंचायत सचिव, पंचायत, सभी वार्ड सदस्य एवं जेएसएलपीएस की सभी सदस्य मौजूद रहे। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में सुरेश प्रसाद राणा अजीत कुमार सिंह नीरज कुमार सिंह उपस्थित थे एवं जन जागरण केंद्र हजारीबाग से अमरेंद्र कुमार एवं सुमन कुमार रवि उपस्थित थे।

## गांव चलो अभियान साबित होगा मिल का पत्थर : नागमणि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है। इधर भारतीय जनता पार्टी अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए शहर के बाद अब गांव तक अपनी पहुंच और पकड़ मजबूत करने के लिए गांव जलो अभियान का आगाज किया है। इसी को लेकर लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बारी पंचायत के बारी गांव में इसका आगाज भी कर दिया है। इसे लेकर युवा नेता नागमणि ने कहा है कि यह अभियान मुख्य रूप से केन्द्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करना और उन्हें पार्टी से जोड़ना है। यह अभियान मिल का पत्थर साबित होगा। साथ ही गांव के लोग भी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक होंगे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य विजय पाठक की सेवानिवृत्ति पर हुआ मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के वरिष्ठ आचार्य विजय पाठक की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस स्नेह मिलन कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल ठाकुर ,विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं वरिष्ठ आचार्य विजय पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। संघ चालक अनिल ठाकुर ने बताया कि हमारा विद्यालय केवल शिक्षक छात्र संबंध तक ही सीमित नहीं है बल्कि एक परिवार के रूप में संगठित है यह विद्यालय 1984 से लातेहार जिला में शिक्षा की अलख जगा रहा है विद्यालय प्रारंभ में धर्मशाला में 25 छात्रों से




शुरू की गई थी परंतु कर्मठ आचार्य, सजग विद्यालय समिति के मेहनत से आज हम पलामू विभाग के श्रेष्ठ विद्यालयों में एक हैं। आज विद्यालय उस स्थिति में आ गई है कि सेवानिवृत्ति के पश्चात आचार्य दीदी को एक बार में कुछ मोटी राशि दी जा सके। आचार्य विजय पाठक के समय के आचार्य शशिकांत पांडे,लाल बहादुर राम, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्रा , ममता त्रिपाठी ने अपने अनुभव कथन में साथ बिताए पलों को याद किया और अपने अनुभवों को साझा किया। विद्यालय की आचार्या ममता त्रिपाठी , रेनू गुप्ता एवं दीपक दास आचार्य के द्वारा विदाई गीत की प्रस्तुति की गई जिसे सुनकर सेवा निवृत हो रहे आचार्य विजय पाठक एवं सभी अतिथि व आचार्य की आंखें नम हो गई और सभी भावुक हो गए। विद्यालय प्रबंध करिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने आचार्य विजय पाठक को व्यक्तित्व के धनी, विषयज्ञाता एवं हंसमुख स्वभाव वाले व्यक्ति बताया। सेवानिवृत हो रहे आचार्य विजय पाठक ने जैसे ही कुछ बोलने का प्रयास किया भाव विभोर हो गए उन्होंने कहा कि 28 वर्षों से इस विद्यालय के सफर में मैंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं इस विद्यालय में मैंने पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ भैया बहन को पढ़ाया आप सभी आचार्य बंधु भगिनी का सानिध्य मिला इसके लिए हम आभारी हैं। वहीं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि आचार्य व शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते, आपने विषय की शिक्षा पूरे वात्सल्य भाव के साथ दिया विद्यालय परिवार सदा इसका आभारी रहेगा। इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे जिला संघचालक अनिल ठाकुर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र, साल, वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य, सभी आचार्य दीदी की उपस्थिति रही।

## बारियातू में इंटर व मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त व शान्तिपुर्ण वातावरण में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड में बनाये गए परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा शुक्रवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में उरांव बिषय की परिक्षा में टोटी के 38 व गोनिय के 01 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं इंटरमिडिएट कला इलेक्टिव के बिषय अंग्रेजी, उर्दु, कुरुख, हिंदी, व संस्कृत, की परिक्षा में कुल 452 में से 446 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। तथा इंटरमिडिएट विज्ञान एडिशनल बिषय हिंदी, उर्दु और नागपुरी मे कुल 17 मे सभी 17 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता तथा राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक अजय बैठा, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम, संजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

## पुणे से भ्रमण कर लौटे बच्चे, किया अनुभव साझा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 16 वीं आदिवासी आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत पुणे गए लातेहार जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के 10-10 आदिवासी युवक और युवतियां सकुशल अपने घर वापस लौट आए और वहां देखे अनुभव को साझा किया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र लातेहार एवं केन्द्रीय पुलिस रिजर्व बल (सीआरपीएफ) 11वीं बटालियन के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि इन बच्चों को नेहरू युवा केन्द्र लातेहार एवं सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के सौजन्य से जिला-लातेहार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 10-10 आदिवासी युवक एवं युवतियों का चयन कर आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत पुणे भ्रमण के लिए भेजा गया था, जो सकुशल वापस लातेहार लौटे। इस मौके पर बच्चों से सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के मार्ग-दर्शन में द्वितीय कमान अधिकारी जुगल किशोर जोशी ने युवक एवं युवतियों को सकुशल वापस लौटने पर बधाई दी एवं उनसे भ्रमण के दौरान देखी गई सांस्कृतिक, सामाजिक व जीवन शैली के बारे में जाना तथा सभी युवक-युवतियों को अपने गांव के लोगों को इसके बारे बताने को कहा।11वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जुगल किशोर जोशी ने बच्चों को पुणे भ्रमण की यादें एवं अपने-अपने अनुभवों को डायरी में लिखने की भी सलाह दी।इस अवसर पर मुख्य रूप से द्वितीय कमान अधिकारी जुगल किशोर जोशी, नेहरू युवा केन्द्र लातेहार के जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, सूबेदार मेजर राजा सिंह तोमर, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय तथा युवक एवं युवतियां उपस्थित थे।

## शिबला में आयुष हेल्थ शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश, नौशाद आलम एवं आलोक कुमार कश्यप ने बारियातु प्रखण्ड के सिबला बजार टांड मे आयुष चिकित्सा शिविर लगाया व उपस्थित मरीजों को कई बीमारियों का जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण मरीजों को कई बीमारी से बचने के लिए खान-पान सहित कई तरह के परामर्श भी दिए। इस आयुष चिकित्सा शिविर मे शिबला, भाटचतरा, मकरा, कुशमाहा, बेसरा सहित आसपास के कई मरीज पहुंचे। जहाँ समाचार लिखे जाने तक लगभग 75 मरीजों को निशुल्क दवा दिया गया। मौके पर सहिया हलीमा खातून, पूनम देवी, योग प्रशिक्षक अंजली कुमारी मोहम्मद इमरान सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## 120 आदिम जनजाति परिवार का गुलाबी राशन कार्ड अबतक नहीं हुआ परिवर्तित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को पुराने ब्लॉक परिसर में संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले राशन वितरण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिप सदस्य कन्हाई सिंह, धीरज कुमार समेत सैकड़ों राशन कार्ड धारकों की उपस्थिति रही। बैठक में कार्ड धारकों ने राशन उठाव में परेशानी,आदिम जनजाति परिवार के गुलाबी कार्ड का पीला कार्ड में परिवर्तित नहीं होने,हरा कार्ड धारकों को अनाज नहीं मिलने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस संबंध में बीसीओ सह एम ओ अनुज शरण



को मांगपत्र सौंपा गया। कहा गया कि प्रखंड के ग्राम ततहा, मेराल, रमनदाग लादी के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 10 किलोमीटर से ज्यादा यात्रा करना पड़ता है। वहीं बारीदोहर, बारीचट्टान, हरिनामाड़, मुरु, के साथ उक्कामाड़ के ग्रामीणों को लगभग 7 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है जो राशन वितरण के प्रावधान का सरासर उल्लंघन है। बताया गया कि हजारों हरा राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। सबसे बड़ी बात है कि आदिम जनजाति परिवार का अबतक लगभग 120 परिवारों को गुलाबी कार्ड अंत्योदय कार्ड में परिवर्तित नहीं किए जाना विभाग की बड़ी लापरवाही है। संयुक्त ग्राम सभा ने 3 किलोमीटर दायरे में राशन वितरण की व्यवस्था करने के साथ उपरोक्त अन्य मांगों को रखी है। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने राशन उठाव की समस्या का निदान करने की बात कही।

## कार के धक्के से बच्चा घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ खलारी मार्ग में शुक्रवार को मारंगलोईया स्कूल के समीप कार के धक्के से एक बच्चा घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शिवम कुमार 5 वर्ष पिता प्रकाश कुमार राणा ग्राम मारंगलोईया स्कूल छुट्टी होने के बाद सड़क पार कर रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही कार के धक्के से शिवम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, ग्रामीणों की सहयोग से घायल अवस्था मे शिवम को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर श्रेष्कर आंनद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# आपका बेटा, आपका चौकीदार जब तक जीवित है लड़ाई लड़ता रहेगा : अकेला यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** शुक्रवार को बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने करीब 10 करोड़ की लागत से बन रहे बरही में ग्रामीण जलापूर्ति पूर्णउद्धार योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम पूर्ण करने के बाद बरही चौक पर जनसभा को संबोधित किया। मौके पर बरही विधायक ने कहा कि 2009 में विधायक बनने के बाद 2012 में हमने जवाहरघाट में इटेंक वेल का शिलान्यास किया था। 2014 में चुनाव हार गया, उसके बाद काम बंद हो गया। लेकिन जैसे ही आप लोगों ने दोबारा 2019 में विधायक बनाया, तब से मुझे चिंता थी की बरही वासियों के हर घर तक पानी पहुंचे। इसके लिए लगातार विधानसभा में आवाज उठाता रहा और आज हमें सफलता मिली और फिर से कार्य चालू हुआ। मैं आप लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आपलोगो के घर तक पानी पहुंच जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई पुल पुलिया बनवाने का काम कर रहा हूं, करगइयों में करोड़ों रुपए का पुल बन रहा है, सड़कों का जाल बिछ रहा हूं। सुदूरवर्ती पंचायत में आजादी के बाद से बिजली सड़क और पानी की व्यवस्था नहीं थी, जिसे पहुंचाने का काम मैंने किया। वहीं मौके पर एसडीओ से डीवीसी के द्वारा दी गई पर्चा का रसीद कटवाने का भी निर्देश दिया।




# डीवीसी ने सुनी स्थानीय जन समस्या, दिया आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड के घंघरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में डीवीसी प्रशासन आपके द्वारा के तहत मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह डीजीएम सीएसआर विनोद कुमार राय ने ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक की गई। ग्रामीणों ने भी अपने-अपने विचार रखें। कहा कि डीवीसी जमीन अधिग्रहण कर लिया है लेकिन मालगुजारी ग्रामीण दे रहे हैं, इसका समाधान जल्द से जल्द किया जाए। मौके पर मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में भी सामाजिक दायित्व के तहत डीवीसी कार्य करते आ रहा है और आगे भी करता रहेगा उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आरआर पॉलिसी के तहत सभी कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। वहीं डीजीएम सीएसआर बिनोद कुमार राय ने कहा की वृक्षारोपण में करने के लिए तैयार हूं, लेकिन वृक्ष का रक्षा करना आप सभी ग्रामीणों का दायित्व बनता है। विद्यालय निरीक्षक के दरमियान उन्होंने आश्वासन दिया की पाकशाला सेड का निर्माण डीवीसी करेगा।

## एक वार्डन के भरोसे पढ़ रहीं सौ छात्राएं

**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारु। प्रखंड के हरली में निर्मित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय को बिना पर्याप्त व्यवस्था के प्रारंभ कर दिया गया है। इस विद्यालय में सिर्फ एक वार्डन चंचला कुमारी के भरोसे वर्ग छह से 12वीं वर्ग की 100 छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं। यह सभी छात्राएं पहले पदमा के आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही थीं, जहां से उन्हें दारु प्रखंड के हरली के नवनिर्मित विद्यालय भवन में शिफ्ट कर दिया गया है।इस बारे में वार्डन ने बताया कि पदमा से दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, पर वह अभी तक ज्वाइन नहीं किए हैं। कुछ दिनों में सारी व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी। विद्यालय की छात्राओं का अभी परीक्षा चल रहा है। छात्राओं को एक बस से लेकर वह उन्हें परीक्षा दिलाने पदमा ले जाती हैं। इस बीच जितना हो सकता है वो उन्हें पढ़ाने और रिवीजन करा रही हैं। उनकी पढ़ाई का सिलेबस की पढ़ाई पूरी हो चुकी है।इस नये वर्ष में वर्ग छह से नौवीं वर्ग तक के दारु प्रखंड की 350ज़ झारखंड वालिका आवासीय विद्यालय का बुरा हालज़ नए वर्ष में 350 छात्राओं का होने वाला है नामांकनझारखंड बालिका आवासीय विद्यालयझारखंड बालिका आवासीय विद्यालय जागरण बच्चियों का नामांकन किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया 29 जनवरी से शुरु हो चुकी है जो की 9 मार्च तक चलेगी। प्रखंड क्षेत्र के वैसे अभिभावक जो अपने बेटियों का नामांकन इस विद्यालय में कराना चाहते है वो फार्म लेकर नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं।हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून ने कहा कि बिनाशिक्षकों के बच्चों को विद्यालय में शिफ्ट नहीं करना चाहिए था। छात्राओं की परीक्षा चल रही है ऐसे में उन्हें यहां शिफ्ट नही करना चाहिए था। वह इस बारे में शिक्षा विभाग की अधिकारियों से आग्रह करती है कि जल्द से जल्द महिला शिक्षक की प्रतिनियुक्ति या नियुक्ति की जाए ताकि बच्चियों को अच्छे ढंग से शिक्षा मिल सके।

# विनोद प्रगतिशील फेडरेशन से यादव महासभा महासचिव सह राजद प्रदेश महासचिव ने की शिष्टाचार भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह यादव महासभा के प्रदेश महासचिव बैजनाथ यादव शुक्रवार को धनबाद से चलकर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव ने फाउंडेशन के द्वारा जनहित में किए जा रहे नेक कार्य का प्रशंसा की और फाउंडेशन अध्यक्ष मंजीत यादव के साथ उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। बधाई देने वालों में कोल इंडिया इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष तपन पांडे धनबाद, माटीगढ़ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार, हिंदी फिल्म मेरे साथी मेरे प्यार के कलाकार गोपालचंद गोप समेत अन्य लोग शामिल थे।

# टाटीझरिया पुलिस ने खैरा जंगल से पकडा चार बालु लदा वाहन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी अनुभव भारद्वाज के नेतृत्व में मंगलवार शाम को बरकट्ठा-ईचाक रोड खैरा जंगल के पास से तीन ट्रेक्टर जिसमें 100 सेफ्टी बालु लदा एवं एक टाटा आईसर जिसमें 200 सेफ्टी बालु लदा वाहन को पकड कर थाना लाया गया। थाना गाडी को देखते हुए सभी गाडी के चालक फारर हो गया। थाना प्रभारी के द्वारा सभी वाहन को खैरा से टाटीझरिया थाना लाया गया जहां थाना प्रभारी द्वारा सभी वाहन पर जुर्माना के लिए खनन विभाग को आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी अनुभव भारद्वाज द्वारा बताया गया कि किसी भी कीमत में थाना क्षेत्र अवैध कार्य नही किया जायेगा। सभी वाहन का थाना केस संख्या 16/24,06-02-2024 है।

# प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय रवि कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड सभागार में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज के अध्यक्षता में एक दिवसीय रवि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा अनेक विभागो पर चर्चा किया गया ।कार्यशाला में वीडियो ने कहा कि यह राज्य मे कृषि ही क्षेत्र का मूल रूप से लोगो आधारित है, सभी लोग कृषि पर ही निर्भर है। इस प्रखंड में किसानों के जीवकोपार्जन खेती ही है ,वही 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा किसानों को अनेक सुविधाएं मिलनी चाहिए लेकिन किसानों को नहीं मिल पाता है । वही कृषि पदाधिकारी सुधीर राय ने कहा कि सभी किसान मित्र सभी किसानो को केसीसी दिलाने मे मदद करे , प्रदान से अनेक सुविधाएं मिलती है । अनेक गांवों में इस संस्था द्वारा किसानो के लिए सोलर लगाया जा है, इस क्षेत्र के अनेक़ गांव के किसानो के सिंचाई के साधन नहीं होने से किसान खेती नही कर पाते है। इस कार्यशाला में मुख्य रूप वीडियो रश्मि खुशबू मिज , जिप सदस्य राम प्रसाद ,बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह ,टाटी झरिया मुखिया सुरेश यादव, आदि शामिल थे।

## खनन विभाग की कारवाई, नरकी में अवैध रूप से संचालित क्रशर के संचालनकर्ताओं पर गिरी गाज



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार खनन विभाग एवं जिला पुलिस बल एवं थाना पुलिस बल के द्वारा संयुक्त रूप से विष्णुगढ़ थानान्तर्गत मौजा नरकी में अवैध रूप से संचालित तीन क्रशरों जो क्रमशः सैफ अंसारी, पिता स्व0 मोबिन अंसारी, पता नरकी खुर्द विष्णुगढ़, हजारीबाग, दिनेश कुमार वर्णवाल उर्फ दिपु साव, पता नरकी खुर्द विष्णुगढ़, हजारीबाग एवं रण विजय सिंह, पिता सिद्ध सिंह, पता नरकी खुर्द विष्णुगढ़, हजारीबाग के द्वारा मौजा नरकी अवस्थित वन भूमि एवं नदियों से अवैध रूप से चोरी छिपे पत्थर का उत्खनन कर क्रशर का संचालन किया जा रहा था। वर्णित तीनों क्रशरों के मालिको, संचालकों के विरूद्ध विष्णुगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जाँच दल के द्वारा नरकी अवस्थित कोनार नदी में ट्रैक्टर का रजिस्टेशन संख्या अंकित नहीं, लाल रंग, महेन्द्रा B275 DI, चेचिंस संख्या 00900, इंजन संख्या स्पष्ट नहीं, डाला संख्या अंकित नहीं है, उक्त वाहन पर पत्थर लोड करने की कार्रवाई की जा रही थी, जिसे जप्त कर थाना लाया गया इस क्रम में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध कर सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाई गई। उपरोक्त तीनों क्रशरों के मालिकों, ट्रैक्टर के मालिकों एवं चालकों, पत्थर संचालकों एवं अवैध अज्ञात अवैध पत्थर खननकर्त्ताओं तथा वाहन को छुड़ाने में संलिप्त स्थानीय ग्रामीणों के विरूद्ध सरकारी काम में बाधा डालने, खनन अधिनियम एवं आईपीसी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## लगाया गया नि : शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**कटकमदाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के ग्राम ढेंगुरा के बिरहोर टंडा में आयुष विभाग हजारीबाग के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में नव प्राथमिक विद्यालय ढेंगुरा के बच्चों को व बिरहोर परिवार के लोगों को वात, पित रोग, नश रोग सहित अन्य साधारण रोगों की उपचार की गई। मरीजों को आयुर्वेद, होम्योपैथिक की दवाइयां दी गई। नशों से संबंधित समस्याओं का उपचार योग से बताया गया। मौके पर चिकित्सा कर्मियों ने शरीर को स्वास्थ्य रखने से संबंधित जानकारियां दी।

## चोरी के आठ मोटरसाइकिल के साथ चार गिरफ्तार



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र में चोरी गए दो मोटसाईकिल को मंडई कला की ओर तीन व्यक्तियों के द्वारा चोरी का मोटरसाईकिल को लेकर जाने वाले है। उक्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक ललित कुमार सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया। उक्त छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए सदर थाना कांड सं0- 48/24 में चोरी गए दोनो मोटरसाईकिल साथ तीन व्यक्तियों को रंगे हाथ पकड़ा गया तथा इनलोगों के स्वीकारोक्ति ब्यान के आधार पर विभिन्न जगहों पर से छापामारी कर चोरी का अन्य 06 मोटरसाईकिल बरामद किया गया। **बरामद सामनो की विवरणी :** चोरी का कुल 08 मोटसाईकिल , पकड़ाये व्यक्तियों के पास मोबाईल 04 पीस । **पकड़ाये व्यक्ति का नाम पता :** कृष्ण कुमार पेलावल ओपी (कटकमसांडी) जिला हजारीबाग, आयुष कुमारओझा ग्राम कंचनपुर थाना पेलावल ओपी (कटकमसांडी) जिला हजारीबाग, नितिश कुमार पिता महेश प्रसाद ग्राम कंचनपुर थाना पेलावल ओपी (कटकमसांडी) जिला हजारीबाग , चंदन कुमार पिता लालचंद प्रसाद ग्राम बसरिया थाना दारू जिला हजारीबाग। **छापामार दल में शामिल :** पुनि ललित कुमार सदर थाना प्रभारी, पुअनि विपिन कुमार लोहसिंधना थाना प्रभारी, पुअनि अरूण कुमार सदर थाना,पुअनि अमीत कुमार द्विवेदी सदर थाना , सअनि अलाउद्दीन सदर थाना , सअनि नवर्देश्वर सिंह सदर थाना, सअनि आनंद मोहन कुमार सदर थाना,आरक्षी 440 मनीष कुमार चंदेल एंव सदर थाना एंव लोहसिंधना थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# ओएनजीसी बोकारो द्वारा सीएसआर मद से 156 आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया गया बर्तन का सेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। ओएनजीसी बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर मद से ईचाक प्रखंड के सभी 156 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन किट का वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा ईचाक प्रखंड के 156 केन्द्रों के लिए ओ.एन.जी.सी.बी.एम.परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर.मद से बर्तन किट का वितरण किया गया। इस मौके पर सभागार से कुल 05 आंगनबाड़ी केन्द्रों जिसमें सुशीला देवी परासी बड़ा अखाडा, प्रमिला देवी, परासी कुटुमसुकरी,दरिया -2, बबिता देवी, बरियठ महतो,वीणा कुमारी, बरियठ तार टोला सभी आंगनबाड़ी सेविका को मौके पर बर्तन देकर वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस परियोजना के तहत 156 केंद्रो से 3660 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना का संचालन हस्तशिल्प विकास संस्थान,हजारीबाग द्वारा किया गया। इस मौके पर ओ.एन.जी.सी. के पदाधिकारी दयानंद कन्डूलिया मुख्यमहाप्रबंधक मानव संसाधन, सोनाली कुमारी ओ.एन.जी.सी. प्रबंधक, इंदु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पंचानन उरांव जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अभिषेक कुमार जिला समाज कल्याण कार्यालय के साथ नरेश ठाकुर सचिव हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग उपस्थित रहे।



# राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में बच्चों के बीच मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पाठ्य सामग्री का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही। प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह प्रांगण में सैकड़ो बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री रबर कटर पेंसिल इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया। वितरण कार्य धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के द्वारा वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चो से कहा कि प्रत्येक शिक्षक विद्यालयों के बच्चों को निपुण बनाने में अपना योगदान दे रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि शिक्षक का रोल सबसे प्रमुख होता है। एक इंजीनियर पुल बनाएगा तो कुछ नहीं होगा, लेकिन शिक्षक नहीं पढ़ाएंगे तो पूरी पीढ़ी खराब हो जाएगी। बच्चों का स्कूल में सीखना महत्वपूर्ण है। बच्चे एक्टिव टाइम का अधिकांश हिस्सा स्कूल में व्यतीत करते हैं इसलिए स्कूल में सीखना महत्त्वपूर्ण हैं। जब तक टीचर्स पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से नहीं लगेंगे तब तक गुणवत्ता नहीं बढ़ सकती। हमको बच्चों को सीखने के तरीके को सहज और सरल बनाना होगा। मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, समाजसेवीका ममता देवी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, सहायक शिक्षक रामजी प्रसाद, अजीत कुमार, दीनानाथ प्रसाद, रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी, अध्यक्ष सोनिया देवी, संयोजिका गुड़िया देवी, स्वेता देवी, शान्ति देवी, ममता देवी, आशा कुमारी, ललिता देवी, चमेली देवी, बिन्दु देवी, लक्ष्मी देवी, उगनी देवी, गुड़िया देवी, सोना कुमारी, रेणु कुमारी, रंजु देवी, चमेली देवी, फुल देवी, रानी देवी, रानी देवी, रीना देवी, कुन्ती देवी, अनीता देवी, मालती देवी, कुन्ती देवी, सबिया देवी, रश्मी देवी, नन्दलाल महतो सहित अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे।

# कोल खनन परियोजना के ग्राम सभा में ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में कोल खनन परियोजना के लिए ग्राम सभा का आयोजन होना था। ग्राम सभा के विरोध में ग्राम गोंदलपुरा सहित अन्य गांव के सैंकड़ों महिला पुरुष के द्वारा बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त के नाम बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम और दंडाधिकारी दीपक दुबे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया के उपायुक्त कार्यालय द्वारा आर एंड आर आम सूचना संख्या 304 दिनांक 5 फरवरी 2024 के आलोक में जनसुनवाई में कंपनी के द्वारा आरआरआर के पदाधिकारी भी इस सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए। जनता 15 किलोमीटर पैदल चलकर आई और सभी ने कहा कि कंपनी को जमीन हस्तांतरित किए बगैर पुनर्वास हेतु जनसुनवाई करना भी भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के विरुद्ध है। आज उपस्थित ग्रामीणों द्वारा इस जनसुनवाई का भारी विरोध करती है। कोल ब्लॉक आवंटन को रद्द कर आम जनों के मौलिक अधिकार की रक्षा की जाए और आज की लोक सुनवाई रद्द की जाए। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, एसडीपीओ कुलदीप कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, सहित भरी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।



# एनटीपीसी द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सिलाई और टेलरिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह विभिन्न सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत आसपास के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक बदलाव लेने के लिए अनेक गतिविधियां चल रहा है। इन प्रयासों में परियोजना प्रभावित गांव में आधारभूत संरचना का विकास हो या बच्चों को कौशल विकास की प्रशिक्षण हर क्षेत्र में एनटीपीसी ने लोगों की जिंदगी में सार्थक बदलाव लाने के लिए कई काम किए हैं। अपने इसी प्रयास को आगे बढ़ते हुए पकड़ी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए सिलाई और टेलरिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया है। इस पहल से ग्रामीण महिलाएं प्रशिक्षण प्रकार अपने जीवन यापन और घर परिवार को बेहतर ढंग से चलने में सशक्त बना पाएंगे साथी यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन पंकज ध्यानी, जीएम (एलए/आर एंड आर) द्वारा किया गया। समारोह की शोभा एस.के. सेनापति, डीजीएम (सीएसआर/आर एंड आर), और कमलाराम रजक, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) ने बढ़ाई। अपने संबोधन के दौरान, जीएम (एलए एंड आर एंड आर) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा प्रस्तुत अवसर को स्वीकार कर नए कौशल सिख कर अपने जीवन को बेहतर बनाने की बात कही।



## गोंदलपुरा खनन परियोजना : पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण के लिए ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए शुक्रवार को हजारीबाग जिला प्रशासन ने बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपना विरोध जताया। महिलाओं समेत ग्रामीण हाथों में बैनर पोस्टर लेकर मौजूद रहे और नारे भी लगाए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपनी शिकायत और मांगों को दर्ज करने का अनुरोध किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना आवेदन ब्लॉक में मौजूद अधिकारियों को सौंप दिया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से अधिकारियों ने ग्रामीणों के निवेदनों को दर्ज किया। मौके पर दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, बड़कागांव के डीएसपी, बीडीओ, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, इंटक अध्यक्ष सुमित कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुख्य संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, विनोद मेहता चंदन मेहता, सीआई अनुज कुमार, राजस्व कर्मी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, और थानेदार विनोद तिर्की आदि मौजूद थे।

# झरपो से गाड़ी साडम तक सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास होने के एक वर्ष बाद भी शुरू नही हुआ काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो तिरंगी मोड़ समीप झरपो से गाड़ीसाडम तक ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत झरपो से गाड़ी साडम तक 7.950 किलोमीटर सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास 20 फरवरी कोडरमा लोकसभा सांसदिय क्षेत्र के सांसद अनुपूर्णा देवी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के हाथों उद्घाटन किया गया था. एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक काम शुरू नहीं किया गया सिर्फ शिलापट्ट में ही यह कार्य सिमट कर रह गया है. अब तक कई बार बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव सह कोडरमा लोकसभा सांसद अनुपूर्णा देवी का क्षेत्र भ्रमण हुआ लेकिन अब तक उन्होंने मामले को देख कोई सुध तक नहीं लिया। यह सड़क में कई चार पहिया वाहन,मोटर साईकिल, साइकिल, पैदल राहगीरों का प्रतिदिन आवागमन लगा रहता है. सड़क में बने गड्ढो से लोग परेशान है. एक वर्ष बाद भी काम शुरू नही होने के बाद यहां के ग्रामीण इस संबंध में शुक्रवार को झरपो के तिरंगी मोड़ चौक बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद, स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी से सड़क का कार्य जल्द शुरू नहीं होने की शिकायत किए है. जनता की शिकायत पर पूर्व बरकट्ठा विधायक जानकी यादव ने कहा की एक वर्ष में काम शुरू नहीं हुआ यह दुर्भाग्य की बात है विभाग से बात करेंगे. स्थानीय मुखिया सह 20सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने कहा की सरकार की योजना धरातल में होना चाहिए शिलान्यास किए विगत एक वर्ष बीत गया सिर्फ शिलापट्ट नजर आ रहा है वही शिलापट्ट में खुदाई कर अंकित किया गया उद्घाटन तिथि 20/02/2023 को रंग रोगन से मिटा दिया गया है जो योजना कार्य का नही होना उद्घाटन तिथि का गायब हो जाना यह एक संदेहास्पद मामला प्रतीत होता है.नजदीक से देखने पर ही उद्घाटन तिथि को देखा जा सकता है। वही सड़क ऊबड़ खाबड़ जहां गड्ढा होने के कारण जनता काफी परेशान हो रही है.उन्होंने कहा की विभाग से मिलकर जल्द बात करते है। जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने कहा की एक साथ ठेकेदार कई जगह काम ले लेता है. और समय पर पूरा नहीं कर पाता. कही इस सड़क पर कागजी खानापूर्ति कर विभाग को धोखा दिया हो हजारीबाग डीसी से मिलकर जर्जर सड़क मरम्मती सुंदरी करण में अब तक कार्य नहीं होने से सबंधित मामले से अवगत करवाएंगे। मौके पर राजकुमार नायक, अरविंद केशरी, इब्राहिम अंसारी, जितेंद्र पासवान ,वार्ड सदस्य रवि यादव, रोहित माली, सुरेश प्रसाद, यमुना सिंह, संतोष कुमार, लाल देव रविदास समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।



## प्रतिनिधिमंडल ने अंचलाधिकारी का पतरातू अंचल मे किया स्वागत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पतरातू अंचल में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी अमित भगत से मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ ,अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित करते हुए उनका पतरातू अंचल मे स्वागत किया । वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि उम्मीद है कि नव अंचलाधिकारी पूरी ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ अंचल में अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे तथा हर एक फरियादी इनके कार्यशैली से संतुष्ट हो ऐसा माहौल बनाया जाए। मौके पर परिचय बैठक में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल के साथ वरिष्ठ नेता वं जिला पदाधिकारी डा. कृष्ण कांत्त शर्मा ,नईम अंसारी ,सुबेदार हृदय नारायण यादव , असगर अली ,विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडे , कृष्णा सिंह ,जयंत तुरी,संजय सिंह ,अशोक प्रसाद,संजीव सिंह ,अनिल कुमार ,मो. शकरूल्लाह ,विक्कू रजक , तारिक रजा ,अयाज आलम , जयदेव प्रसाद ,राज रानी देवी , रामशरण गिरी सहित दर्जनो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## टैक्सी स्टैंड में वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड मैं एक वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक के अध्यक्षता विक्रम सिंह एवं शिवम कुमार के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से पूजा पर चर्चा किया गया एवं दिनांक 11.2.2024 दिन रविवार 1000 महिलाओं को वस्त्र दिया जाएगा एवं ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा निकाला जाएगा एवं विद्यासागर कमेटी इस प्रकार है अध्यक्ष विकास कुमार महासचिवसनी कुमार संगठन सचिव कौशल साहू महामंत्री अमन वर्मा उपाध्यक्ष बंटी साहू राजदेव प्रशांत वर्मा चंचल कुमार अक्षत सोनी सचिन उत्कर्ष तिवारी सहसचिव राज चक्रवर्ती पीयूष सिंह आदित्य सिंह मंत्री अनिरुद्ध वर्मा शेखर वर्मा सिद्धार्थ श्रीवास्तव सचिन वर्मा मीडिया प्रभारी प्रेमचंद गुप्ता सिद्धांत श्रीवास्तव एवं महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुमारी केंद्रीय महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पल्लवी प्रसाद उपाध्यक्ष सुधा देवी अंजली वर्मा महासचिव सोनी कुमारी महामंत्री गीत दे केंद्रीय संगठन सचिव प्रीति देवी जिला समिति अध्यक्ष शकुंतला देवी उपाध्यक्ष कुसुम देवी सचिन रचना देवी उपाध्यक्ष तारा देवी रिंकी देवी महानगर महिला समिति अध्यक्ष अंजली देवी उपाध्यक्ष नीतू देवी साक्षी कुमारी रिंकी गुप्ता महासचिव रंजन चौधरी सहसचिव प्रिया कुमारी जानवी दे स्वाति कुमारी प्रिया तिवारी संगठन सचिव ललिता देवी कर संगठन सचिव सेजल कुमारी मंत्री विजय सिंह अंजली वर्मा सचिव सुधा पाल युवा समिति अध्यक्ष आर्यन रजक कार्यकारिणी अध्यक्ष अभियान कुमार उपाध्यक्ष कार्तिक रजक और मयंक वर्मा सर्व समिति से चुना गया है।

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव आज

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव के शुभ अवसर पर होगा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज शाम 4ः00 बजे से किया जाएगा। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल अपने अनेक कलाकृतियों से भरपूर प्रस्तुतियों को लेकर सबके मन को आकर्षित करने को तैयार है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे अपने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है जिसे देख सभी अतिथियों का, विशिष्ट अतिथि और बच्चों का मन अति प्रसन्न हो जाएगा।कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ,विद्यालय के प्रधानाचार्य ,शिक्षकगण तथा विद्यालय के सभी सहायक कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भरपूर प्रयास किया है।

## मांझी हड़ाम जीतराम मांझी के ब्रह्मभोज पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी बस्ती के मांझी हडाम जीतराम मांझी के ब्रह्मभोज पर शुक्रवार को उनके आवास पर क्षेत्र के सभी नेताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।बता दें कि मांझी हडाम जीतराम मांझी का निधन 29 जनवरी को उनके आवास पर हृदय गति रुकने की वजह से हुआ था।



वहीं श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कार्तिक मांझी, संजय टुडू,सुखू मांझी, रैना टूडू, संतोष प्रजापति, कृष्णा सोरेन, सिकन्दर सोरेन, शिकारी टुडू, जितेन्द्र यादव, मनोज सिंह, संतोष कुमार शर्मा, राजेश पावरीया, विजय पावरीया, दुमका पावरीया,राजू हेम्ब्रोम, श्रीराम मांझी, सुखदेव मांझी, गोविंद पावरीया,एवन्त पावरीया,महालाल टुडू आदि लोग मौजूद थे।

## इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने सीसीएल डीपी को लाइब्रेरी खोलने संबंधी पत्र सौपा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन वृहद पत्रकार संगठन के द्वारा सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में अच्छा पुस्तकालय खोलने संबंधी पत्र सीसीएल प्रबंधन डायरेक्ट पर्सनल को सौपा हैं। यह पत्र ईरा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहम्मद अली के द्वारा रांची सीसीएल दरभंगा हाउस में दिया गया हैं। अरगड्डा क्षेत्र में जरूरतमंद गरीब, असहाय छात्रो के भविष्य के सवालों को देखते हुए इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन के राज्य संगठन सचिव रविकांत बनर्जी के द्वारा अपने वरीय ईरा प्रबंधन संगठन के पदाधिकारी को इस बाबत आग्रह किया गया था। इसके बाद संयुक्त रूप से लिखा गया, पत्र ईरा पत्रकार संगठन कार्यकारी अध्यक्ष मो. अली ने सीआईएल अध्यक्ष और सीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल को भी इसकी प्रतिलिपि दी हैं। इसके अलावे अन्य संबंधित पदाधिकारी को पहल करने संबंधी पत्र देने की प्रक्रिया की जा रही हैं। पत्र में कहा गया है कि सामाजिक सरोकार के लिए अरगड्डा क्षेत्र में पुस्तकालय खोलने हेतु आवश्यकता हैं, जिसके लिए क्वार्टर आवंटित करना जरूरी हैं, पत्र में कहा है कि इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन भारत की वृहद पत्रकार संगठन हैं, जो विभिन्न चरणों में कई प्रकार की सामाजिक गतिविधि, कोल इंडिया समेत राज्य के हर क्षेत्र में की जाती हैं। जिसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी रोकने, जरूरतमंदों को मदद, प्रशासन शासन के साथ मिलकर जनता के बीच सामजस्य बनाने समेत कई संदेश पहुंचाने का कार्य करती हैं। साथ ही कोल इंडिया के विभिन्न कंपनी क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के लिए साथ मिलकर कई प्रकार के कार्यक्रम करने में अपना हर संभव सहयोग करती हैं। पत्र में कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में पहल के लिए कंपनी से सहयोग की आवश्यकता हैं, जिससे लोकहित के लिए व नौनिहालों के भविष्य निर्माण के लिए हमें कोल इंडिया के अध्यक्ष व सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में पहल करने की कृपा करें। जिससे जनहित कल्याणकारी कार्य में सहयोग देकर हमें सेवा का अवसर दें। इसके लिए ईरा पत्रकार संगठन सदैव आभारी रहेगा। इधर पत्रकार संगठन के प्रदेश झारखंड संगठन सचिव रविकांत बनर्जी ने कहां है कि अरगड्डा क्षेत्र में अभी भी शिक्षा की अलख आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचना जरूरी हैं, क्योंकि कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चे हैं, जो प्रशासनिक व अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी करने के लिए आगे पढ़ना चाहते हैं। पुस्तकों की आवश्यकता होती हैं। जिन्हें अभाव के कारण पूरा नहीं किया जा सकता, जिसके लिए ईरा पत्रकार संगठन ने भी हर संभव मदद करने का बीड़ा उठाने का संकल्प लिया है, जिसके लिए कंपनी और आम समाजसेवियों का भी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। आह्वान किया कि सभी लोग इस कार्य में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं, जिससे क्षेत्र के भविष्य को मार्गदर्शित किया जा सकें।



# विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में जल्द कुलपति का नियुक्ति हो : गौतम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में कुलपति की जल्द से जल्द नियुक्ति को लेकर एक दिवसीय धरना अभाविप रामगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष नितेश मोदी के नेतृत्व में दिया गया । धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो उपस्थित रहे। गौतम महतो ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विगत 75 वर्षों से छात्रहित में कार्य करते आ रही है और छात्र की समस्याओं को लेकर लगातार महाविद्यालय परिसर और विश्वविद्यालय परिसर में कार्य करते रहती है महोदय विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पिछले 09 माह से अधिक समय से कोई स्थाई कुलपति नही है, जिसके कारण छात्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों में भी समस्या देखने को मिल रही है ।स्थाई कुलपति के नही होने के कारण विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भी काफी खामियां देखने को मिल रही है ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से ये मांग करती है की जल्द से जल्द विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नियुक्त करें। नितेश मोदी ने कहा कि कुलपति की नियुक्ति नही होने के कारण रामगढ़ महाविद्यालय के छात्रों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय प्रशासन के पास किसी भी समस्या बताने पर वो सीधे कहते है की कुलपति से बात करिए जिस कारण छात्रों के समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। नितेश कुमार मोदी ले कहे की रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ आए दीन विभिन्न प्रकार की के समस्या देखने को मिलते रहता हैचित्रा मिर्धा ने कहे की रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के लाइबेरी में सेमेस्टर का बुक नही है धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकरणीय सदस्य अंशु पाण्डे, रवि कुमार, राहुल रजक, राहुल महतो, चित्रा कुमारी, श्रुति कुमारी, कुमारी श्रुति, निरूपा कुमारी, आंचल कुमारी, कुमारी श्रुति,तान्या मिर्धा, तन्वी कुमारी, साक्षी महतो, विश्वजीत कुमार,संदीप कुमार शुक्ला, बाबूलाल कुमार,अर्जुन कुमार, मोंटी कुमार, अभय ओझा, जितेंद्र कुमार, रिया कुमारी, योगेश कुमार, गोल्डेन कुमार,जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## क्षेत्र की विभिन्न समस्याओ को पीसीसी कमेटी सदस्यो ने प्रबंधन के समक्ष रखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के गेस्ट हाउस में शुक्रवार को सीसीएल प्रबंधन और पीसीसी कमेटी सदस्यो की बैठक हुई। वहीं इस बैठक में उरीमारी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ को लेकर पीसीसी कमेटी के सदस्यो ने परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के समक्ष रखा। जिसमें उरीमारी क्षेत्र की बदहाल सडक, उरीमारी डिस्पेंसरी को बत्ती घर के पास स्फिट किया जाए, डीएवी स्कूल जाने वाले रोड को बनाया जाए, उरीमारी के ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी समस्या पर पहल किया जाए, शनिवार बाजार में लाइट का व्यवस्था किया जाए आदि समस्याएं रखीं गई। जिसपर परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि क्षेत्र की जोभी समस्याए है उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। पीसीसी कमेटी सदस्यो से सकारात्मक पहल करने की बात कही गई। वहीं इस मौके पर प्रबंधन की ओर से प्रोजेक्ट इंजीनियर पीके सेनगुप्ता, गौतम कुमार, नरेश वर्मा, एमपी गुप्ता, सुधीर सिंह, सुभाष ओझा, श्रवन कुमार, अमित रोय,पुंजेश्वर मंडल और पीसीसी सदस्यो में सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, गणेश राम, डा जीआर भगत, महादेव मांझी, बाल्मिकी यादव, बिनोद साव आदि लोग मौजूद थे।

## संयुक्त मोर्चा ने गिद्दी लोकल सेल चालू करने के सवाल पर महाप्रबंधक से पहल की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** संयुक्त मोर्चा के द्वारा शुक्रवार को मासस के कार्यालय प्रांगण में गिद्दी ए लोकल सेल चालू करने के सवालों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सुंदरलाल बेदिया ने की। बैठक में महाप्रबंधक अरगड्डा क्षेत्र से वार्ता करने की योजना बनाई गई, जबकि संयुक्त मोर्चा के आवेदन पर जीएम अरगड्डा की ओर से अब तक पहल नहीं करने पर चिंतन व्यक्त किया गया। सभी संयुक्त मोर्चा वक्ताओं ने प्रेस अभियान के माध्यम से मांग किया कि सीसीएल प्रबंधन यथाशीघ्र सेल चालू करने की प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे कोलयरी में लोडिंग की व्यवस्था हो। बेरोजगारों, विस्थापितों एवं प्रभावितों को रोजगार मुहैया हो। इसे लेकर सेल चालू करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक से मिलकर वार्ता करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संयुक्त मोर्चा पूर्व की भांति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक में पच्चू राणा, शाहिद अंसारी, राजनाथ यादव, कमल गोप, आरडी मांझी, नेमन यादव, सोहराय किस्कू, प्रदीप रजक, हुकुमनाथ, दिनेश्वर महतो, मनोज राम, सुदर्शन मंडल, विजय प्रसाद, सुनील सिंह, अशोक गुप्ता, सुकरा मांझी, गोपाल शर्मा, रामप्रवेश, मोती साव, दिनेश बेदिया, विकास बेदिया, अमित प्रजापति, रामचंद्र महतो, रमेश बेदिया, रवि बेदिया, हीरा यादव, अनिल महतो, एतवा बेदिया, गणेश भुईया, राम प्रसाद, अमरलाल, जमीद अंसारी, गुलाम मुस्तफा, कालेश्वर प्रजापति, सूरज महतो समेत कई उपस्थित थे।



## भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को सुभाष चौक के समीप भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप यादव के निर्देशानुसार समस्त झारखंड में जिला स्तर पर पिछड़ा जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष नमेंद्र चंचल के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। मौके पर नमेंद्र चंचल ने बताया कि गत दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहुल गांधी ने अपने ओछा पन का परिचय देते हुए देश के प्रधानमंत्री तथा पिछड़ा वर्ग पर अभद्र टिप्पणी की है। जिसको देश की जनता एवं पिछड़ा वर्ग कभी भी माफ नही करेगा। इस बात को लेकर देश वासियों में काफी आक्रोश है। जिसे आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता मुंह तोड़ जवाब देगी। वही प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीपक सोनकर ने कहा कि राहुल गांधी अपने संतुलन खो बैठे है। इसलिए अनाप शनाप बाते करने लगे है। लेकिन इसका जवाब जनता देगी। इस मौके पर योगेश दांगी, दीपक सोनकर, सत्यजीत सिंह, विजय जायसवाल, वासुद तिवारी, मणि शंकर ठाकुर, राजेश ठाकुर, सुनील वर्णवाल, धीरज साहू, सैयद किरमानी, घनश्याम, दीपक कुमार, महेंद्र प्रजापति, विनोद राम,जयनंदन साहू, राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।



## चाल धसने से एक महिला की मौत

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार के दिन लगभग चार बजे (सीसीएल) के पिंडरा परियोजना के बंद पड़े खदान में अवैध खनन कर रहे कठेरवा गांव निवासी 32 वर्ष अनीता देवी पति गोविंद महतो की दब कर घटनास्थल पर मौत हो गई। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि इस प्रकार हो रहे अवैध कोयले का खनन कर आसपास के ईटा भट्ठा में खा पाया जाता है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन दर्जनों लोग इस कार्य में लगे रहते हैं घटना की सूचना पाते ही पुलिस प्रशासन पहुंचकर आगे की कार्रवाई जूट गई है।



## आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर स्वीप के तहत हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ सहित अन्य विद्यालयों में मतदाता जागरूकता से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया वहीं बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मतदान के महत्व की व्याख्या करते हुए निबंध लिखा। गौरतलब होकि स्वीप के तहत जिले में जो भी पेंटिंग, स्लोगन, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी उनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की पेंटिंग, निबंध, स्लोगन आदि को जिला प्रशासन रामगढ़ के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से पोस्ट किया जाएगा वहीं बच्चों को जिला स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।



# सेना के फायरिंग प्रशिक्षण के दौरान गोली छिटक कर युवती के पैर में लगी

### घटना की जानकारी होते ही सेना के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का लिया जाएगा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के बरकाकाना ओपी क्षेत्र के सिधवार गांव स्थित मिलिट्री फायरिंग रेंज में सेना के जवानों द्वारा फायरिंग किए जाने की प्रशिक्षण के दौरान गोली छिटक कर कंडेर पंचायत के सिधवर गांव के यशोदा कुमारी नामक युवती के पैर में गोली लगी। जिससे युक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी बरकाकाना ओपी पुलिस व सेना के अधिकारियों को होते ही सिधवर गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया। सेना के अधिकारियों द्वारा घायल युवती को उपचार के लिए मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। पीड़िता के पिता महावीर मुंडा द्वारा बताया गया कि यशोदा कुमारी 26 वर्षीय अपने घर में कपड़ों को आयरन कर रही थी। तभी सेना के जवान द्वारा प्रशिक्षण के दौरान चलाए गए गोली उनके पैर में आकर लगी। जिससे वह घायल हो गई। इसके पूर्व भी वर्ष 2017 में भी प्रशिक्षण के दौरान सेना द्वारा चलाए गए गोली यशोदा कुमारी को लग चुकी है। ग्रामीणों द्वारा बताए गए की जिस पहाड़ के समीप पर गोली चलाई जाने की प्रशिक्षण सेना के जवानों द्वारा ली जाती है। उसे कुछ इस तरह से निर्मित किया जाए ताकि कभी गोली छिटक कर ग्रामीणों का ना लग सके।


**झारखण्ड सरकार**

**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**

**( उप निदेशक कल्याण कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग)**

**प्रवेश परीक्षा/नामांकन संबंधी सूचना वर्ष 2024–25**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, अन्तर्गत संचालित आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं पिछड़ी जाति आवासीय उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्ठम, सप्तम एवं अष्टम (वर्ग 06, 07, एवं 08) में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 07.03.2024 तक आमंत्रित किये जाते हैं। विशेष जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर जनसाधारण के आलोकनार्थ विस्तृत सूचना अपलोड (Upload) कर दिया गया है।

**उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, अन्तर्गत संचालित विद्यालय**

| क्र0 | जिला | | विद्यालय का नाम | वर्गवार रिक्तियाँ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बालक/बालिका | VI | VII | VIII |
| 1. | हजारीबाग | 01 | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय मटवारी, (हजारीबाग) | बालिका obc | 33 | 02 | 00 |
| | | 02 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय बरसोत, (हजारीबाग) | बालक sc | 11 | 19 | 10 |
| | | 03 | आश्रम आवासीय विद्यालय भेलवारा, (हजारीबाग) | बालक st | 40 | 00 | 00 |
| 2. | रामगढ़ | 04 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय माण्डू (रामगढ़) | बालक st | 07 | 21 | 06 |
| 3. | गिरिडीह | 05 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय खरगडीहा, (गिरिडीह) | बालक sc | 00 | 25 | 07 |
| | | 06 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय जमुआ, (गिरिडीह) | बालक sc | 15 | 10 | 05 |
| | | 07 | अनुसूचित जनजाति आ0 बालिका उच्च विद्यालय पीरटांड़, (गिरिडीह) | बालिका st | 05 | 17 | 00 |
| 4. | धनबाद | 08 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय गोबिन्दपुर, (धनबाद) | बालक sc | 12 | 21 | 00 |
| 5. | बोकारो | 09 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय चास, (बोकारो) | बालक sc | 25 | 06 | 00 |
| | | 10 | आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल गोमियाँ, (बोकारो) | बालक st | 40 | 00 | 01 |
| 6. | चतरा | 11 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय लावालौंग, (चतरा) | बालक st | 06 | 29 | 27 |
| | | 12 | अनुसूचित जाति आ0 बालिका उच्च विद्यालय सिमरिया, (चतरा) | बालिका sc | 35 | 00 | 00 |
| | | 13 | आश्रम आवासीय विद्यालय जबरा, (चतरा) | बालिका st | 40 | 00 | 01 |

1.परीक्षाफल प्रकाशन तक रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

2. वर्गवार प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं की उम्र सीमा निम्नवत् है:–

| क्रम संख्या | कक्षा | न्यूनतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) | अधिकतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) |
|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा 6 | 10 वर्ष | 13 वर्ष |
| 2 | कक्षा 7 | 11 वर्ष | 14 वर्ष |
| 3 | कक्षा 8 | 12 वर्ष | 15 वर्ष |

3. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय, प्रंखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यालय एवं संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निःशुल्क वितरण एवं प्राप्त किया जायेगां।
4. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 07.03.2024 तक निर्धारित हैं।
5. प्रवेश पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय से जिला कल्याण पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा।
6. प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका में हिन्दी, अंग्रेजी गणित, विज्ञान, एवं समाजिक विज्ञान विषय के बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) होगें।
7. सिलेबस में वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन लिखित जॉच परीक्षा में क्रमशः 05, 06 एव 07 वर्ग स्तर के प्रश्न पुछे जायेगें।
8. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक 17.03.2024 को संबंधित जिला के उपायुक्त के द्वारा निर्धारित केन्द्र पर प्रातः11:00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक होगी।
9. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची संबंधित विद्यालय एवं जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाएगा।
10. वर्ग 06, 07,एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जॉच परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय जहाँ वे अध्ययनरत है, नामांकन प्रवेश पत्र में अंकित छात्र/छात्राओ का नाम, जन्म तिथि, वर्ग 05, 06 एवं 07 में अध्ययनरत/उत्तीर्ण होने की तिथि का विद्यालय प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित अभिप्रमाणित आवेदन पत्र जमा लिये जायेगें।
11. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 15.04.2024 तक एवं प्रतीक्षा सूची से दिनांक 22.04.2024 तक नामाकंन लेना अनिवार्य होगा। नामाकंन नही लेने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द किया जा सकता है।
12. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी0पी0एल0 या आय प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चो को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिए बी0पी0एल0 की सूची में नाम/आय प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
14. जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है, उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता–पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कार्रवाई की जायेगी।
15. कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित आश्रम विद्यालयों मे उसी जिले के अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओ को प्रवेश दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रवेश क्षमता पूर्ण करने हेतु उसी प्रमण्डल के अन्य जिलों के अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओ को भी प्रवेश दिया जाएगा।

आश्रम आवासीय विद्यालय की आरक्षण श्रेणी :–

| क्र0 | आरक्षण श्रेणी | आरक्षण (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जनजाति | 80 |
| 2 | PVTG | 5 |
| 3 | DNT/NT/SNT | 5 |
| 4 | a) children who have lost their parents to LWE*/Insurgencies/covid.<br>b) children of widows.<br>c) children of Divyang parent.<br>d) Others e.g Land donor, orphan child etc. | 10 |
| | कुल | 100 |

NOTE: a.* It includes citizens victim of LWE and police /Paramilitary /Armed Forces personnel who have lost their lives fighting LWE.

b. 5% seats are reserved for differently abled children. These seats shall be carved out @ 2 seats from ST and 1 from others. (सामान्य आवासीय विद्यालय में यह आरक्षण लागू नहीं होगा)

c. The maximum age limit can be relaxed by two years in case of Differently abled children by the State/UT EMRS Societies. (सामान्य आवासीय विद्यालय में यह आरक्षण लागू नहीं होगा)

d. if a child belongs to more than one reservation category then he/she shall be allowed to avail the benefit of only one reservation category with the highest reservation percentage. (सामान्य आवासीय विद्यालय में यह आरक्षण लागू नहीं होगा)

16. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयाँ जाति के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा।
17. अनुसूचित जनजाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25% प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमण्डलीय उप निदेशक कल्याण, का अनुमोदन लेकर मेघा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
18. सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में परीक्षा तिथि में परिवर्तन हो सकता है।
19. इस विज्ञापन को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह0/–
उप निदेशक कल्याण,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग

PR 318409 Welfare(23-24)#D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए जय श्री राम समिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय परावर्तन प्रमुख श्री संजय वर्मा जी के माता जी का निधन हो गया था जिनकी सूचना जय श्री राम समिति जिला लोहरदगा को मिला उनके पैतृक निवास सिसई गुमला पहुंचकर ब्रह्मभोज में शामिल हुए तथा माता जी के निधन पर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संतावना दी। संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव ने कहा धन्य है वह माता जिन्होंने अपने पीछे संजय वर्मा जैसे पुत्र को समाज के लिए निछावर कर दी यह सौभाग्य सबको नहीं मिलता। वर्मा जी ने हजारों धर्मांतरित आदिवासी परिवार के लोगो को वापस सरना समाज में लाकर सरना सनातन एकता की मिसाल पेस की। अच्छे-अच्छे आदिवासी नेता अपने समाज को बचाने के लिए आगे नहीं आते हैं ऐसे में संजय वर्मा का आना आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है।

### बीडीओ ने नवनियुक्त अंचलाधिकारी का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंचल कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ सह प्रभारी सीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने भंडरा सीओ का प्रभार नव नियुक्त सीओ दुर्गा कुमार को सौंपा। साथ ही बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने नव नियुक्त सीओ दुर्गा कुमार को बुके देकर बधाई दी है। इस दौरान भंडरा अंचल कार्यालय से पांच फरवरी को बिशुनपुर स्थांतरित हुए सीओ दिनेश प्रसाद को भी अधिकारियों ने अंग वस्त्र देकर विदाई दी।

## प्राण प्रतिष्ठा को लकर अनुष्ठान शुरू भक्ति में डूबा लोहरदगा

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के पुराना शुक्र बाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित हनुमान जी एवं विश्वकर्मा भगवान के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 9 फरवरी को सिठियों कोयल तट से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस कलश यात्रा में 1501 श्रद्धालुओं महिलाएं किशोरियों एवं सनातन के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान आचार्य जयशंकर मिश्र चंद्रशेखर मिश्र आदि ने कलश का संकल्प कराया इसके बाद यात्रा शुरू हुई जो सेरेंगहातू, बीएस कॉलेज रोड, सोबरनटोली एवं बरवा टोली चौक, शुक्र बाजार, अजय पार्क होते हुए श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर परिसर पहुंची जहां कलश स्थापित की गई। इस क्रम में भक्त ने हनुमान एवं विश्वकर्मा भगवान के गगन भेदी



जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गई। कलश यात्रा के क्रम में सेरेंगहातु बरवाटोली मंदिर आदि जगहों पर भक्तों का स्वागत किया गया। आचार्य जयशंकर मिश्र चंद्रशेखर मिश्र, पंकज मिश्र, परमानंद मिश्र, गोपाल मिश्रा द्वारा यजमान सरोज प्रजापति पत्नी सरिता देवी, दीपक अग्रवाल पिंकी अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति यशोदा देवी, विनय शर्मा पत्नी जयंती देवी, रवि शंकर शर्मा पत्नी नीलम शर्मा के साथ द्वार पूजन मंडप प्रवेश ब्राह्मण वरण बेदी स्थापना सर्व देव पूजन हवन आरती एवं पुष्पांजलि पूजन कराया गया। साथ ही संध्या में आरती किया गया। इस क्रम में आचार्य जयशंकर मिश्र ने भक्तों को बताया कि विश्व कल्याण हेतु कलश यात्रा होता है कलश यात्रा का फल भक्त जितना पद कलश लेकर चलते हैं उतना अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। बेदी स्थापना सर्व देव पूजन से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। मौके पर प्रसाद एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ उत्साह देखा गया आसपास के क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा। वही मंदिर को फूलों,विद्युत सज्जा फाटक से आकर्षक ढंग से सजाया संवारा गया। साथ ही पूरे क्षेत्र में झंडा,पट से पाट दिया गया था। मौके पर अध्यक्ष सरोज प्रजापति, दीपक अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, विनोद प्रसाद, कुलदीप, राहुल कुमार, पप्पू, कन्नू, विनय शर्मा, नवल अग्रवाल, रमेश साहू, नागेंद्र प्रजापति, मृत्युंजय मधुप, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक शर्मा, राहुल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, दिनेश प्रजापति, किरण देवी, ऋषिका प्रजापति, समेत हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। बेदी 10 फरवरी को बेदी पूजन सर्वदेव पूजन सभी देवी विग्रहों का जला धिवास फलाधिवास हवन आरती पुष्पांजलि एवं संध्या आरती होगी।

## फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा सेवन करने के लिए चलाया जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स,लोहरदगा में आज दिनांक 09/02/2024 को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा सेवन कार्यक्रम MDA को लेकर जागरूक किया गया। जिसमे CRP नीलू गोयल, प्रिंसीपल, सभी शिक्षक और piramal team सदस्य ने बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी। जिसमे फाइलेरिया के लिए एमडीए प्रोग्राम 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा। जिसमे सभी लोगो दवा सेवन करना है। और दवा कितनी है। कब कब खानी है। किन किन लोगों को नही खानी है। इसके बारे में जानकारी दिया गया। फाइलेरिया का दवाई खाना जरूरी क्यू है ये भी बताया गया। बच्चो के द्वारा स्कूल से फाइलेरिया जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई। जिसमे 240 बच्चे शामिल थे। इस रैली में प्रधानाध्यापक, सीआरपी नीलू गोयल, सभी शिक्षक, पीरामल फाउन्डेशन से अजय राठोड़ और बच्चे उपस्थित थे।

## स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया जाना एक ऐतिहासिक निर्णय : ओम प्रकाश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह, स्वर्गीय पी व नरसिम्हा राव और कृषि के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाले एम एस स्वामीनाथन को भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने केंद्र सरकार तथा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए साधुवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान करने वाले विभूतियों को उचित सम्मान दिये है। चौधरी चरण सिंह ने



देश के किसानों को एक नई दिशा दी थी और इनका योगदान देश कभी नहीं भूल सकता, पी वी नरसिम्हा राव ने भी राजीव गांधी की मृत्यु के बाद देश का नेतृत्व किया था और आर्थिक क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया, वहीं एम एस स्वामीनाथन ने कृषि के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देकर देश में हरित क्रांति लाई थी। ये सभी विभूति इस सम्मान के सही हकदार हैं? इस निर्णय का स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व मंत्री सधनु भगत, बृज बिहारी प्रसाद, श्रीचंद्र प्रजापति, राज किशोर महतो, राजमोहन राम, संजय बर्मन, देवाशीष कार, दीपक सर्राफ, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, कलावती देवी, अनिल पांडे, अजय मित्तल, शशि भूषण सिंह, अतुल कुमार और मिथुन तमेड़ा ने किया और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा की गांव चलो अभियान को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के निमित्त ठेठईटांगर और कोनपाला मंडल की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रामबिलास बड़ाईक द्वारा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्याणकारी योजनाओं को गांव जाकर बताने, दिवाल लेखन करने, सरल एप डौनलोड,नमोएप डौनलोड वार्कशोप ग्रुप शक्ति केंद्र तथा बुथ कार्यकर्ताओं का वार्कशोप ग्रुप बनाकर मोदी जी के किए गए सारे कल्याणकारी को गांव चल कर बताकर बुथ को मजबूत करके बुथ



जिताकर इस बार भाजपा को 400 पार का बहुत जुटाने में सहयोग करने के लिए कही गई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी प्रदीप जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान, मंडल अध्यक्ष बिजय महत्तो तथा विधानसभा विस्तारक प्रियांशु शेखर द्वारा संबंधित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बड़ाईक, बसंत प्रधान, बंधु मांझी, श्रवन सेनापति, अमित बड़ाईक आदित्य साहु, अजित प्रधान, पार्वती देवी, जयश्री देवी दशरथ सेनापति सहित भाजपा के बहुत से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## विकास योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ससमय पुरा करें : डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार मे उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक से पूर्व उपविकस आयुक्त द्वारा सभी विभाग के अधिकारीयों से परिचय प्राप्त किया गया। मनरेगा,15 वी वित योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना और आमबगवानी सहित अन्य विकास योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए निर्देश दिया गया की कोई भी योजना लम्बित न रखें साथ ही कहा कि मनरेगा योजना के तहत आम



बगवानी, नाडेफ टैंक, नाली, भूमी समतलीकरण, पशु शेड निर्माण कार्य मे मानव दिवस को पुरा करने का निर्देश दिया गया। जिस योजना का मानव दिवस जीतना है उतना काम मजदूरों को देने की बात कही गई। वही प्रधान मंत्री आवास योजना में 95 मानव दिवस है जिसमें 88 मानव दिवस का भुगतान हुआ है। जिसे बाकी का डिमांड संधारण करा कर भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। तथा पंचायत सचिव,रोजगार सेवक और कनीय अभियंताओं को क्षेत्र में भ्रमण कर विकास कार्य को गति देने का निर्देश दिया गया। साथ ही क्षेत्र से पलायन रोकने के लिये नया योजना की स्वीकृति कर अधीक से अधीक मजदूरों को काम देने की बात खि़ गई।

## झारखंड जैक बोर्ड की कुड़ुख भाषा में दो केंद्रों में 267 छात्रों ने लिया भाग, शत प्रतिशत रहा उपस्थिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा दसवीं की परीक्षा में शुक्रवार को कदाचार मुक्त,सीसीटीवी कैमरा के निगाह में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । प्राचार्य डॉ सुधांशु कुमार ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में शुक्रवार को कुड़ुख विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 165 छात्रों ने परीक्षा लिखा। छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत हुई। वही उत्क्रमित बिटपी टेन प्लस टू में कुड़ुख भाषा की परीक्षा में कुल 102 छात्र शामिल हुए। छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहा। इस क्रम में भंडरा एवम बिटपी परीक्षा भवन का निरीक्षण जिला



दंडाधिकारी डीएसओ के द्वारा किया गया। लाल बहादुर शास्त्री में दंडाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता रेहान अंसारी को नियुक्त किया था। परीक्षा में कदाचार रोकने के लिए छात्रों को अपना सभी सामान परीक्षा कक्ष से बाहर रखने का निर्देश दिया गया । इसके साथ ही छात्रों को एक-एक कर नियम पूर्वक जांच करते हुए परीक्षा हाल में बैठने के लिए भेजा गया।

## प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमेटी चुनाव को लेकर सरगमी तेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में आगामी 14 फरवरी को होने वाली प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमेटी चुनाव को लेकर सरगमी तेज हो गई है। भंडरा के चौक-चौराहों से लेकर मस्जिद में जुमा के नमाज में भी अंजुमन चुनाव की चर्चा तेज हो गई। सदर-सेक्रेटरी पद के उम्मीदवार गांव-गांव घूम अंजुमन कमेटी से जुड़े वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। भंडरा के प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नाजिमे ए आला हैदर अंसारी ने कहा कि भंडरा में सभी पद के उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह दे दिया गया है। जिसमें नायाब सेक्रेटरी व खजांची पद के उम्मीदवार



निर्विरोध चुने गए है। जबकि सदर पद के लिए परवेज अंसारी, आफताब आलम, सेक्रेटरी पद के लिए मंसूर अंसारी, अब्दुल रउफ, साजिद अंसारी, नायाब सदर के लिए महमूद अंसारी, मुमताज अंसारी मैदान में है। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव आगामी 14 फरवरी को कुंबाटोली स्थित कार्यालय में सुबह के नौ बजे से दो बजे तक मतदान के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान में पहुंचने वाले मतदाता को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# जीईएल चर्च बेन्दोजोर चर्च में आशीष दिवस का हुआ आयोजन, पूर्व मंत्री हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत अंतर्गत जीईएल चर्च बेन्दोजोर चर्च में शुक्रवार को चर्च आशीष दिवस का हुआ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष मातियस बागे एवं पादरी ईमानी बूड शामिल हुए।जहां पादरी के द्वारा विधिवत रूप से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न की। मौके पर अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके बाद कार्यक्रम स्थल में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने



कहा गिरजाघर विश्वास, आस्था एवं एकता का प्रतीक है, जो ईश्वर एवं इंसान को जोड़ता है। उन्होंने कहा कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का मंदिर सबके लिए खुला रहना चाहिए, जिसकी कृपा इस मंदिर में पाएंगे, उसकी झलक जीवन में दिखनी चाहिए। हम सभी को कलीसिया समुदाय को मजबूत करने के लिए आगे आने की आवश्यकता है ताकि समाज का अगवा बनकर हम सभी समाज को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। मौके पर जोसेफ डुंगडुंग, रसाल खालखो, प्रवीन डुंगडुंग अनिल कुल्लू, ओलेन डुंगडुंग, फुलकेरिया कुल्लू, अंजोर कुल्लू, इलयाजार कुल्लू, दान केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक विद्यालय में प्रखण्ड स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निदेशक, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण,रांची और जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के निदेशानुसार प्रखण्ड स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन आज दिनाँक 09.02.2024 को प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा के नेतृत्व में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय,कुटमू, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा अभिषेक झा विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में प्रखण्ड के सभी पांच संकुलों के रसोइयों द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने,मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा,



कोदो,गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने,मध्यान भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। निर्णायक मंडल में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, एक सीआरपी, विद्यालय से एक बाल संसद के प्रधानमंत्री, एक स्वच्छता मंत्री और एक पोषण मंत्री थे। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है। प्रथम-राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा सुमन उराँव और टीम को मिला वही द्वितीय-राजकीकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय,मन्हो,लोहरदगा रीना देवी और टीम दिया गया। विजेता को 2,000 और उपविजेता को 1,000 की प्रोत्साहन राशि,मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मंजू देवी, सभी संकुलों के सीआरपी जीतेन्द्र मित्तल, निधि गुप्ता, संयुक्ता देवी, श्यामा मिश्रा, सीमा शर्मा, त्रिसंध्या प्रजापति, नीलू गोयल जिला एमडीएम से कुंदन कुमार,निशा कुमारी, सलोमी लकड़ा, विजय कुमार, सहित प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सहित शिक्षा कर्मी, पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 12 फरवरी को आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय सम्मेलन की सफलता को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 09 फरवरी शुक्रवार को आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी के तत्वाधान में कैरो प्रखंड के दुर्गाबाड़ी प्रांगण में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक रखी गई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह कैरो प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव उपस्थित हुए बैठक में सर्वसहमति से 12/02/2024 को प्रखंड सम्मेलन का निर्णय लिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रखंड कमेटी के सभी पदेन पदाधिकारी को पंचायत का प्रभारी नियुक्त किया गया जिसमें कैरो पंचायत संजय महतो, संजय साहू,



कृष्णा साहू, नरौली पंचायत अरविंद उरांव, बलराम साहू, दिनेश साहू पंचायत परमानंद साहू, चरकू सरदार, मनोज यादव, गुड़ी पंचायत परमेश्वर भगत, जयपाल पन्ना, गजनी पंचायत विपिन सिंह हनहट पंचायत परमेश्वर भगत प्रखंड सम्मेलन को सफल बनाने हेतु प्रखंड के सभी पदाधिकारी पंचायत के सभी पदाधिकारी ग्राम प्रभारी एवं सभी अनुसांगी इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होंगे केंद्र के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित होंगे आज के बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बिहारी साहू, राजेश राम, सचिन तिर्की, बृजेश राम, विजय राम, बलराम यादव आदि उपस्थित थे।

## चौथे दिन 178 छात्र छात्रओं ने दिया मैट्रिक बोर्ड में कुड़ुख की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के चौथे दिन शुक्रवार को प्रखण्ड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। प्रखंड क्षेत्र स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 43 तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में कुड़ुख की परीक्षा ली गई। जिसमें सभी 135 छात्र छात्राओं ने कुड़ुख का परीक्षा दिया। वही कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 2 छात्र अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के मानव संसाधन विभाग के निर्देशानुसार परीक्षा आयोजित हो रहा है। जिस निमित कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। साथ ही कहा कि वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी किया जा रहा है। तथा परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जिस के लिये प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह,बीपीओ निलेन्द्र कुमार व एसआई शशिकांत कुमार,ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ उपस्थित थे।

## बीडीओ ने लोकसभा चुनाव को लेकर कर्मियो संग की बैठक, अबुआ आवास व मनरेगा पर की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड प्रशासन ने प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी। चुनावी तैयारी की समीक्षा के लिए बीडीओ रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कर्मियो संग मैराथन बैठक हुई। बैठक में बूथों के रीलोकेशन से लेकर उग्रवाद प्रभावित बूथों को चिह्नित करने और सुरक्षा के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में कर्मियो को पूरी तरह से चुनावी मूड में गंभीरता से कार्य करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। बैठक में बूथों के सत्यापन और उसके रीलोकेशन के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। इसमें सभी कर्मियो को बूथों का भौतिक सत्यापन



करना था, जिसमें बूथों पर पानी, बिजली, रैंप आदि सुविधाओं की उपलब्धता के साथ भवन की स्थिति के बारे में भी रिपोर्ट करनी थी।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में क्लस्टर पर भी सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित कराने की आवश्यकता जताई है। उसके तहत ने बीडीओ ने कर्मियो को हिदायत दी कि सभी क्लस्टरों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित की जाए। बैठक ने बीडीओ ने अबुवा आवास योजना में लाभुको को ससमय आवास पूरा कराने की बात कही। वही मनरेगा के सभी कार्य को चुनाव के पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, समन्वयक नितलेंद्र कुमार, तिवारी भगत, महिपाल भगत, राधे कुमार सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के अनुसूचित जनजाति संवर्ग में मिलेगा दस फीसदी आरक्षण : उपराज्यपाल

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी समुदाय को पहली बार अनुसूचित जनजाति संवर्ग में दस फीसदी आरक्षण मिलेगा। इससे संबंधित एक बिल विधानसभा में पारित किया गया है लेकिन इससे अनुसूचित जनजाति में पहले से शामिल गुज्जर-बकरवाल समुदाय के आरक्षण पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्हें पहले की तरह 10 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलता रहेगा। उनके हक का एक प्रतिशत हिस्सा भी नहीं कटेगा।उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को राजभवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पहाड़ी समुदाय की 12 लाख की आबादी को नौकरी, शिक्षा के साथ ही अब राजनीतिक आरक्षण भी मिलने लगेगा। इन इलाकों का भी विकास ट्राइबल प्लान के तहत होगा लेकिन इससे पहले से अनुसूचित जनजाति में शामिल गुज्जर-बकरवाल समुदाय के आरक्षण पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा।उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने राजौरी व बारामूला की रैली में पहाड़ी समुदाय को एसटी का दर्जा देने का भरोसा दिलाया था। साथ ही गुज्जर-बकरवालों को आश्वस्त किया था कि उनके आरक्षण में किसी प्रकार की कटौती नहीं होगी। संसद से पहाड़ी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने का बिल पास होने के बाद भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में आरक्षण 50 फीसदी से अधिक नहीं होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग को आबादी के हिसाब से आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा।उपराज्यपाल ने गुज्जर-बकरवालों के लिए पिछले चार साल में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद ही वास्तविक रूप से गुज्जरों-बकरवालों को आरक्षण तथा अन्य लाभ मिलना शुरू हुआ है। पहली बार वन अधिकार अधिनियम प्रदेश में लागू किया गया और जनजातीय समुदाय के लोगों को वनाधिकार सौंपे गए। 2019 से पहले सीजनल अध्यापकों को चार हजार रुपये मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया गया। इसके अलावा जनजातीय समुदाय के लिए ट्रांजिट आवास की सुविधा मुहैया कराई गई।उन्होंने बताया कि पहाड़ों पर भी रहने वाले गुज्जर-बकरवालों के लिए मोबाइल अस्पताल की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जनजातीय समुदाय की 500 से ज्यादा आबादी वाले गांवों या आधी आबादी वाले गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श गांव के तहत एक करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### सीसीएल ने कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए किया पेंटिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 11 फरवरी को होने वाले कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए 9 फरवरी को राँची के न्यूक्लियस मॉल प्रांगण में एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसका भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहना की गयी एवं सभी ने इसका खूब आनंद लिया। अवसर विशेष पर सीसीएल के सीवीओ श्री पंकज कुमार,सीवीओ के निजी सचिव शशांक शेखर, विभागाध्यक्ष(जनसम्पर्क) श्री आलोक कुमार सहित जनसम्पर्क विभाग के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता में झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने मैराथन के विभिन्न आकृतियों को दर्शाते हुए कई मनमोहक दृश्य अपनी पेंटिंग में उकेरा। कोल इंडिया मैराथन 2024 में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि श्री पंकज कुमार, सीवीओ, सीसीएल ने प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# सृष्टि के संरक्षक हैं शिव : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन प्रखंड के इमली गांव में शिव चर्चा का आयोजन रखा गया। जिसके मुख्यातिथि अविनाश देव शामिल हुए। आयोजक मंडल ने इनका फूलमाला से स्वागत किया और मुख्य मंच तक ले गए। जहां शिवचर्चा पर उन्होंने व्याख्यान दिया। इलाके के सैकड़ो गुरु भाई गुरु बहन चर्चा में शामिल हुए।

अविनाश देव ने एक सवाल छोड़ते हुए शिवचर्चा की शुरुआत किया। उन्होंने कहा कि आखिर पूरी दुनिया शिव पर फिदा क्यों है। जो एक लोटा जल ढारने से लेकर रुद्र महायज्ञ जैसे बड़ा अनुष्ठान करने पर भक्त न्योछावर है ? अविनाश देव ने कहा कि शिव महापुराण जैसे अन्य शास्त्रों को खंगाला तो पाया कि देवताओं पर जब जब संकट गहराया तब तब देवता शिव के शरण में गए और शिव उद्धार किए। अपना निजीहित व जिंदगी दांव पर लगा ब्रह्मांड के हिफाजत किए इसीलिए शिव सृष्टि के संरक्षक हैं।

तब हम सभी आज उन्हें गुरु मान रहे हैं। हम सबों को भी अपनी जिंदगी में परहित के लिए एक प्रयोग करना चाहिए जिससे दूसरों को भला हो सके। दुनिया का हर दिखने वाला चीज नश्वर है जिसे आप छोड़ कर स्थाई कूच कर जायेंगे। तब फिर हम झूठ फरेब स्वार्थ में और हड़पने की नीति क्यों अपनाते हैं जिसे हमारी नैतिक ताकत कमजोर होती है! शिव से




सीखना चाहिए की इस खूबसूरत दुनिया को गढ़ने के लिए सोने की महल छोड़ झोपड़ी में सोने चले गए। लेकिन हम अपने निजी स्वार्थ में भाई भाई से गोतनी गोतनी से मामूली बातों पर मामूली चीजों के लिए कत्ल करने पर तुले रहते हैं। सार्वभौमिक सोच नहीं पाते हैं,हमें अपनी आजादी लोकतंत्र बचाने और समता मूलक समाज गढ़ने के लिए आपसी प्रेम भाईचारा बढ़ाने के लिए सत्य अहिंसा न्याय पर चलने के लिए शिव की तरह जहर पीना होगा तभी चर्चा की सार्थकता बनी रहेगी। सबों को शुक्रिया,विशेष तौर पर भाई राधेश्याम सोनी जी को जिन्होंने जन्मोत्सव को शिव महोत्सव के जरिए बेटी को स्वस्थ सुंदर व दीर्घायु बनाने का काम किया,बेटी को ढेर सारी शुभकामनाएं। इस मौके पर प्रतिमा बहन,शारदा बहन, अमोद गुरुभाई,कमलदेव गुरु भाई,वीरेंद्र गुरूभाई,कामेश सोनी जी,साकेत गुरुभाई,प्रयाग पांडेय जी,उदय जी,हमारे मित्र व वरिष्ठ वकील ओंकारनाथ तिवारी, शिवचर्चा के ऊर्ध्व शिवशिष्य बड़े भाई गोकुला नंद तिवारी जी की उपस्थिति बड़े ही वजनदार रही। जय महादेव।

### दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सोशल मीडिया की रणनीति को लेकर हुई बैठक

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अध्यक्षता में सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जूम एप्लीकेशन के माध्यम से सभी नवनियुक्त स्टेट कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक की। इसके बाद अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने लोगों को भविष्य की रणनीति के आलोक में अपने सुझाव और कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्टेट कोऑर्डिनेटर में नलिन मिश्रा, संजय कुमार तथा प्रशांत पांडे, भावेश भूषण, भोला दास, रामदेव सिंह, अरविंद कुमार सैनी, लवंगलता निराला, अभिषेक मानव, उमर अली अंसारी, बबलू दास, शंकर बेदिया, अश्वनी आनंद मौजूद थे।

## चौधरी चरण सिंह सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के साधक : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी**

**लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए लिखा, जननेता, किसानों के मसीहा, गांवों, अन्नदाता किसानों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान करने की घोषणा अभिनंदनीय है। वे सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के साधक थे। यह गौरव राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदानों का सम्मान है। वहीं मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा देश के करोड़ों किसानों का सम्मान है। यूपी के लिए ये और भी अभिनंदनीय है, क्योंकि चौधरी साहब प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नई दिशा प्राप्त की थी।पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न के ऐलान पर मुख्यमंत्री ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से विभूषित किए जाने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश के आर्थिक विकास को एक नई गति प्रदान की। भारत के विकास में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इसके अलावा मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने देश को विपरीत परिस्थितियों में नेतृत्व दिया था। उनके कार्यकाल में आर्थिक सुधारों को अपनाया गया था।

## खेल मंत्रालय ने 3 जूडोकाओं, निशानेबाज एलावेनिल के विदेशी प्रतियोगिताओ में भाग लेने के प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को जुडोका हिमांशी टोकस, श्रद्धा चोपड़े और अस्मिता डे के कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।जूनियर एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता हिमांशी और जूनियर ओशिनिया चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता श्रद्धा क्रमशः पेरिस में फ्रांस ग्रैंड स्लैम, बाकू में अज़रबैजान ग्रैंड स्लैम; ताशकंद में उज़्बेकिस्तान ग्रैंड स्लैम और लिंज़ में ऑस्ट्रिया ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेंगी।



दूसरी ओर, जूनियर एशियाई कप चैंपियन अस्मिता फ्रांस ग्रैंड स्लैम के लिए पेरिस में इस जोड़ी के साथ शामिल होंगी। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, एमवाईएएस, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत इन सभी प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण अवधियों के लिए उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास, बीमा और स्थानीय परिवहन लागत को कवर करेगा।एमओसी ने रैंकिंग प्वाइंट ओनली श्रेणी के तहत स्पेन में आगामी आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेने के राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है।मंत्रालय ने कहा,एलावेनिल का हवाई किराया, प्रवेश शुल्क, प्रशिक्षण शुल्क, स्थानीय परिवहन लागत, वीजा और बीमा शुल्क सहित अन्य खर्च टॉप्स फंडिंग के तहत कवर किए जाएंगे।

## किसानों के लिए 3 सुविधाओं का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया शुभारंभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत केंद्रीयकृत किसान रक्षक हेल्पलाइन 14447 और पोर्टल, कृषि-बीमा सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क प्लेटफार्म सारथी एवं कृषि-समुदाय के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम प्लेटफॉर्म का दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी, केंद्रीय कृषि सचिव श्री मनोज अहूजा भी उपस्थित थे।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि यह देश गांवों का देश है, किसानों का देश है। किसानों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कृषि मंत्रालय लगातार काम कर रहा है। किसानों को उन्नत करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए श्री मुंडा ने कहा कि किसानों के सामर्थ्य, ताकत, मजबूती से ही देश का सामर्थ्य व मजबूती है। इसे ध्यान में रखते हुए व कृषक समुदाय की उन्नति को रेखांकित करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय काम कर रहा है। सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस दिशा में सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में अवसर मिल रहा है कि तकनीकी रूप से भी किसानों को सशक्त बनाने में सहयोगी बनें। किसानों से डिजिटली जुड़ते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए काम करें। इसी नवाचार के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन, सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क एवं एलएमएस प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार कृषि क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता देती है व इसे अधिक कुशल, प्रतिस्पर्धी, आय-उन्मुख व लचीला बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा



योजना शामिल हैं। साथ ही,10 हजार नए कृषक उत्पादक संगठनों का गठन किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री सिंचाई कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, बागवानी मिशन, सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के जरिए भी किसानों की जरूरतों व लाभ के लिए मंत्रालय काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना व कृषि कार्यों में जोखिम कम करना है। वर्तमान में कृषि क्षेत्र को ज्यादा ग्रोथ के लिए जहां निवेश की जरूरत है, वहीं प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों से होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने की भी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इसके लिए काफी कारगर साबित हुई है। योजना के प्रारंभ से अभी तक इसमें 15 करोड़ से ज़्यादा किसान जुड़े हैं और अब तक किसानों के 29,237 करोड़ रुपये के प्रीमियम के मुकाबले 1.52 लाख करोड़ रु. के दावों का पेमेंट किया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना छोटे व सीमांत किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। महाराष्ट्र, ओडिशा, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में सरकारें किसान प्रीमियम के रूप में केवल 1 रुपये के साथ सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करके किसानों का समर्थन करने के लिए आगे आई हैं। पिछले कुछ समय में योजना के क्रियान्वयन में सुधार के प्रयास भी लगातार जारी हैं। सरकार प्रतिबद्ध है कि कृषि क्षेत्र में ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाएं, जिससे किसानों के लिए जोखिम कम हो व आय बेहतर हो सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोशिश होनी चाहिए कि किसानों की समस्या का समाधान डाटा के साथ करने में समर्थ हों। इसका विशेष ध्यान रखें कि हमारे अन्नदाता निराश नहीं हो, बल्कि उनका सरकार के प्रति विश्वास और बढ़े, उन्हें महसूस होना चाहिए कि उनके पीछे पूरी ताकत से सरकार खड़ी है और वे आगे बढ़ रहे है। कृषि मंत्रालय, प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए लगन से काम कर रहा है। किसान युवा, मातृशक्ति, गरीब सभी के लिए काम हो रहा हैं। कृषि मंत्रालय, संगठित रूप में किसानों के लिए काम कर रहा है, जिसका लाभ देश के अन्नदाताओं को मिल रहा है।प्रारंभ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सीईओ व कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री रितेश चौहान ने स्वागत भाषण दिया। अपर आयुक्त (क्रेडिट) कामना शर्मा ने आभार माना। कार्यक्रम में केंद्र व राज्यों के अधिकारी, बीमा कंपनियों एवं तकनीकी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा योजना से जुड़े अन्य हितधारक उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री ने देश के दलित, पिछड़ों व किसानों का सम्मान किया : अनुप्रिया पटेल

**एजेंसी**

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की तीन महान विभूतियों किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा तीनों विभूतियों को देश के सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत करने की घोषणा तीनों विभूतियों को सच्ची श्रद्धांजलि है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि तीनों महान शख्सियतों ने अपनी विद्वता और सेवा से देश को गौरवान्वित किया। किसानों के मसीहा श्रद्धेय सिंह ने हमेशा राजनीति में दबे-कुचले और विकास वर्ग के हित की राजनीति की। स्वामीनाथन की अगुवाई में हुई हरित क्रांति ने देश को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। वहीं राव साहब के नेतृत्व में रखी गई आर्थिक सुधारों की नींव से भारतीय अर्थव्यवस्था ने सकारात्मक रूप से नई करवट ली।उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कारों से लेकर सर्वोच्च सम्मान तक, प्रधानमंत्री की अगुवाई में हमारी सरकार ने हमेशा योग्य व्यक्तित्वों और महान शख्सियतों का चयन किया है। ऐसी शख्यिसत जिनकी सेवा और उपलब्धियों ने नए इतिहास की रचना के साथ भविष्य की उम्मीदों की नींव रखी। इससे पहले हमारी सरकार ने सामाजिक न्याय की राजनीति के मसीहा



जननायक कर्पुरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान दे कर देश को सही अर्थों में गौरवान्वित किया। मैं सर्वोच्च सम्मान के लिए महान शख्सियतों के चयन के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताती हूं।बता दें कि अनुप्रिया पटेल अपना दल की तरफ से जननायक कर्पूरी ठाकुर एवं चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग पिछले लंबे समय से करती रही हैं। इस बाबत उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा था। देश के किसानों, पिछड़ों व वंचितों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले इन महापुरुषों को देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा से दलित, पिछड़ों व किसानों का सम्मान व स्वाभिमान बढ़ा है।

# चांडिल : शिव महापुराण कथा में उमड़ा लाखों का जनसैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** झारखंड में ऐसा नजारा पहले कभी दिखाई नहीं दिया था। जमशेदपुर से सटे चांडिल के डोवो में आयोजित शिव महापुराण कथा के समापन पर भक्तों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि लोगों को कथा स्थल पर ही निकलने में घंटों लगे। पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा समापन के बाद भक्तों को कथा स्थल से निकलने में घंटो लग गया। भीड़ के चलते भारी मशक्कत करनी पड़ी। शुक्रवार 9 फरवरी को अंतिम दिन कथा सुबह 8 बजे से होने के कारण भक्त सुबह 4 बजे से ही पांडाल में पहुंच गए। जिन्हें पंडाल नहीं मिला वे धूप में ही बैठकर कथा सुनी। प्रशासन के अनुसार रात्रि से ही श्रद्धालुओं की आना शुरू हो गया था। इसलिए सुबह को कई श्रद्धालुओं को पंडालों के बाहर कथा सुने। कथा के बाद सभी भक्त 4 किमी पैदल चलकर बाहन पार्किंग पोहंचे और अपने घरों की ओर रवाना हुए। लोगों की भीड़ के लिए जमशेदपुर कमारगोंडा पुल से लेकर कान्दरबेड़ा के रास्तों पर जाम लग गया। कथा स्थल में लगे पंडाल के बहार लाखो श्रद्धालुओं ने धूप में बैठकर कथा का रसपान किया। कोई भक्त पेड़ो का छाव और सिर पर गमछा के नीचे बैठकर आनंद पूर्वक कथा का श्रवण कर भक्त अपने आप को धन्य मान रहे है। कथा के समापन बाद प्रदेश भर से आए भक्त और पंडित भी जमशेदपुर से हुए रवाना। आनुमान के आधार कथा सुनने 10 से 15 लाख के करीब भक्त पहुंचे थे। कथा के समापन बाद देशभर से आए भक्त और पंडित भी यहां से रवाना हो गए। कथा के अंतिम दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि गुरु वो है जो दुख के धड़ी में साथ दे। दुख के धड़ी में जो गुरु भक्तों का साथ छोड़ दे वो असली गुरु हो नही सकता। एक लोटा जल लेकर मंदिर जाना। भजन कीर्तन करने से दुख की धड़ी समाप्त होता हैं।



**भोलेनाथ का कोई उम्र नही है, वे है अजर अमर:** प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हर किसी के उम्र को बता सकता हैं लेकिन बाबा का कोई उम्र बता नही सकता हैं। वो अजर और अमर है शंकर सब जगह है। उन्होंने महिलाओं को कहा कि आपको कोई कितना समझाए क्यो शंकर के मंदिर जाते है। बेल पत्र क्यो चढ़ाते हो, पशुपतिनाथ व्रत क्यो करते हो, उन्होंने महिलाओं से सभी विषयों पर अपनी ज्ञान प्रदान की।

**शिव हमारे है, हम शिव के है:** प्रदीप मिश्रा ने कहा कि बाबा के धंर में कोई द्वार नही है। भक्तों के लिए मेरे बाबा का द्वार हमेशा खुला है। मेरे महादेव की भक्ति को किसी कहने से मत छोड़ना। हम शिव के है शिव हमारे है। मेरे भगवान सबका है, जो पूजेगा उसका शिव है। ब्रज की भूमि में मेरे भोलेनाथ कण कण में समाया है। एक एक कण कण में शिव है। कृष्ण के लिए शंकर आये हैं। शंकर के लिए कृष्ण आये हैं।

**पांडाल के बहार तेज धूप में खड़ा होकर भी कथा सुनते रहे श्रद्धाल:** कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने के लिए 10लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं में अधिकांश महिलाएं देखा गया । जिसको जहां जगह मिली, वह कथा सुनने के लिए बैठ गया। उमस गर्मी के बावजूद लोग कथा सुनने के लिए बैठे रहें। हालांकि पांडाल में पंखों और कूलर की व्यवस्था आयोजकों की ओर से की गई है।

**बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर रही भारी भीड़:** जमशेदपुर व चांडिल के बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी शिव भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। चांडिल कान्दरबेड़ा चौक में दोपहर 12 बजे से लेकर देर शाम तक हजारो की संख्या में महिलाए और पृरुष अपने अपने गंतव्य की ओर जाने वाली बसों का इंतजार कर रहे थे। देश के कई राज्यों से भारी संख्या में शिवभक्त श्रद्धालु चांडिल डोबो शिव महापुराण कथा को सुनने आये थे। इस मौके पर जिला प्रशासन ने जमशेदपुर ओर चांडिल से लेकर कथा स्थल तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया था। स्थानीय कपाली थाना प्रभारी संदीप कुमार भी अपनी गस्ती टीम के साथ पांचों दिन काफी मुस्तेद नजर आए ।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 फरवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चंपाई सरकार की दूसरी कैबिनेट की बैठक अपराह्न चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में 12 फरवरी को होगी। इससे पहले दो फरवरी को पहली बैठक हुई थी, जिसमें तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी।12 फरवरी को होने वाली बैठक की जानकारी मंत्रिमंजल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दे दी है। इस बैठक में भी सिर्फ दो मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ही शामिल होंगे। इसकी वजह यह है कि 16 फरवरी को कैबिनेट का विस्तार होना है।

